सोमवार, 9 जून 2025

मौसम



| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 36 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 4:51 | सूर्यास्त: 18:20 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : परिवार के बीच रहकर धीरज बनाये रखना ही तप है।



भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स के दूसरे दिन छह स्वर्ण जीतकर दबदबा बनाया पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## पायलट की विशेष घोषणा पर विमान यात्रियों में चिनाब नदी पर बने पुल की तस्वीर लेने की होड़

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार को कहा, ''चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है।'' उन्होंने कहा, ''इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: ''आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।'' जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और अपने मोबाइल फोन पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना



और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं। विज्ञप्ति में कहा गया, ''केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है - यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं और भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए प्रशंसा के शब्द साझा करते हैं।'' रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस-पास के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों के स्थानीय लोग अलग-अलग जगहों से पुल की तस्वीरें लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे हैं, जबकि अन्य इसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तुरंत साझा कर रहे हैं।'' कुमार के अनुसार, आसमान में उड़तीं उड़ानें चिनाब पुल को देखने का झरोखा बन गई हैं, जमीन पर भी लोग इस विस्मयकारी रचना को कैद करने में व्यस्त हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ साझा करने के लिए इतिहास के एक भाग को संरक्षित करती है। महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के हिस्से के रूप में 'चिनाब पुल' दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल है। नदी तल से 359 मीटर ऊपर यह सलाल बांध के पास चिनाब नदी पर बना है और इसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर है। इसका इस्पात से बना मुख्य मेहराब अकेले 467 मीटर लंबा है और यह 266 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा को भी झेल सकता है।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले साल जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में सुरक्षा बलों पर हुए जानलेवा हमले से संबंधित एक मामले में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस हमले में दो पुलिस कमांडो मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि तीनों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 17 जनवरी, 2024 को तेंगनौपाल जिले के मोरेह में इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) चौकी और सुरक्षा बलों पर हमले की योजना बनाई, साजिश रची और उसे अंजाम दिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि गिरफ्तार आरोपियों में तेंगनौपाल जिले का निवासी और कुकी इंपी तेंगनौपाल (केआईटी) विद्रोही समूह का सदस्य थांगमिनलेन मेट भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि उसने हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में 2026 में राजग की सरकार बनेगी: अमित शाह



**मदुरै (तमिलनाडु) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। शाह ने 4,600 करोड़ रुपये के रेत खनन घोटाले सहित भ्रष्टाचार के नए आरोप लगाकर राज्य की द्रमुक सरकार पर निशाना साधा। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने मदुरै को 'परिवर्तन' का शहर बताया और कहा कि इस मंदिर शहर में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन बदलाव लाएगा और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को सत्ता से बेदखल करेगा। गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन दावा करते हैं कि शाह द्रमुक को नहीं हरा सकते और एक मायने में वह सही भी हैं। उन्होंने कहा, ''शाह द्रमुक को नहीं हराएंगे, बल्कि तमिलनाडु के लोग बदलाव लाएंगे।'' शाह ने कहा कि उन्होंने देशभर के चुनावों में हिस्सा लिया है और लोगों की नब्ज समझते हैं। शाह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि तमिलनाडु के लोग इस बार द्रमुक सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। शाह ने आरोप लगाया कि द्रमुक के भ्रष्ट शासन में तमिलनाडु के गरीब, महिलाएं और बच्चें प्रभावित हुए हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्यों से स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। शाह ने कहा कि तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) घोटाले की भेंट चढ़ी 39,775 करोड़ रुपये की राशि से पूरे तमिलनाडु में प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो कक्षाएं बनवाई जा सकती थीं। प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में 1,000 करोड़ रुपये के टीएएसएमएसी घोटाले के संबंध में तलाशी ली थी। तमिलनाडु राज्य विपणन निगम राज्य सरकार द्वारा संचालित एक मादक पेय निगम है। उन्होंने कहा, ''द्रमुक सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं...द्रमुक सरकार 4,600 करोड़ रुपये के रेत खनन घोटाले में शामिल थी, जिसने गरीबों के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।'' शाह ने केंद्र के 450 करोड़ रुपये के पोषण किट कार्यक्रम के संबंध में घोटाले के आरोप लगाए और कहा कि एक निजी कंपनी को ठेका दिया गया जिससे भ्रष्टाचार हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री ने स्टालिन को यह बताने की चुनौती दी कि क्या उन्होंने वर्ष 2021 में किए गए द्रमुक के चुनावी वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि द्रमुक सरकार अप्रभावी साबित हुई है, जो अपने घोषणापत्र में उल्लिखित 60 प्रतिशत वादों को भी पूरा करने में विफल रही है। शाह ने कहा, ''मैं स्टालिन जी को चुनौती देता हूं कि वे लोगों से किए गए वादों का स्पष्ट और पारदर्शी विवरण दें। इसके अलावा, अवैध शराब की बिक्री में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण कई लोगों की जान चली गई है, खासकर कमजोर तबके के लोगों की।'' पिछले साल, कल्लाकुरिची शराब त्रासदी में 66 लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा-अन्नाद्रमुक मिलकर तमिलनाडु में राजग की सरकार बनाएंगे और लोग 2026 के चुनावों में द्रमुक को हराएंगे। शाह ने कहा कि द्रमुक सरकार 100 प्रतिशत विफल रही है। ओडिशा, हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनावी जीत का हवाला देते हुए शाह ने कहा कि 2026 तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लिए बदलाव का साल होगा।

## सभी हिंदुओं को एकजुट करने के लिए काम करना होगा: मोहन भागवत



**कानपुर (उप्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि सभी हिंदुओं को एकजुट करने के लिए काम करना होगा। दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे भागवत ने रविवार को नवाबगंज स्थित दीन दयाल उपाध्याय स्कूल में स्वयंसेवकों से संवाद किया। उन्होंने कहा, ''सभी हिंदुओं को एकजुट करने के लिए काम करना होगा। हर घर में संस्कार होने चाहिए और परिवार में लोग एकजुट होने चाहिए, ताकि हर घर में सनातन परंपरा को फिर से स्थापित किया जा सके।'' रविवार को पूरे दिन संघ के पदाधिकारियों के साथ भागवत की चार बैठकें हुईं। भागवत ने संघ के कार्यों, शाखाओं, विद्यार्थियों के बीच किये जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा, ''हमें शाखा क्षेत्र के हर परिवार से संपर्क करना चाहिए।'' भागवत ने कहा कि आरएसएस व्यक्तित्व विकास के लिए काम करता है। उन्होंने स्पष्ट किया, ''व्यक्तिगत विकास का अर्थ है परिवार के साथ-साथ समाज, राष्ट्र और सम्पूर्ण मानव जाति अर्थात विश्व के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध होना।'' उन्होंने कहा, हम कहते हैं कि विश्व एक परिवार है। जैसे-जैसे संघ का विस्तार हुआ, इसने अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्य का दायरा बढ़ाया और विस्तार किया।'' आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''आज हम संघ के शताब्दी वर्ष में हैं। पंच परिवर्तन के आधार पर पूरे समाज में बड़े बदलाव की ओर बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। एक ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी से परिचित हो, एक ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुरूप अपनी जीवनशैली बनाए, एक ऐसा समाज जो जातिवाद की असमानता से मुक्त हो, जहां पूरे समाज का मंदिरों, जलाशयों, श्मशानों पर समान अधिकार हो।''

## मरीज के अंग दान से पांच लोगों को जिंदगी मिली

### गुर्दा,कॉर्निया को हवाई मार्ग से दिल्ली पहुंचाया गया

**नयी दिल्ली :** बेंगलुरु में एक ऐसे मरीज के अंगों को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजकर पांच लोगों को नया जीवन दिया गया जिसे शुक्रवार को चिकित्सकों ने 'ब्रेन डेड' (मस्तिष्क का काम करना बंद कर देना) घोषित कर दिया था। इस अभियान के तहत भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा एक गुर्दे और एक कॉर्निया को हवाई मार्ग से बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचाया गया। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में समन्वित अभियान का विवरण और अंगों को हवाई मार्ग से ले जाए जाने की तस्वीरें साझा कीं। पोस्ट में कहा गया, ''वायु सेना ने 'कमांड हॉस्पिटल एयर फोर्स बेंगलुरू' (सीएचएएफबी) के जरिए जीवन रक्षक प्रतिरोपण को संभव बनाने और विभिन्न स्थानों पर अंगों को पहुंचाने में मदद की।'' इसमें कहा गया कि शुक्रवार को 'ब्रेन डेड' घोषित किया गया मरीज ''पांच लोगों को नया जीवन'' दे गया। भारतीय वायुसेना के अनुसार, एक गुर्दे और एक कॉर्निया को दिल्ली के सैन्य अस्पताल में भेजा गया। दूसरे गुर्दे, कॉर्निया, त्वचा के प्रतिरोपण की प्रक्रिया बेंगलुरु के विक्टोरिया हॉस्पिटल की मेडिकल टीम के सहयोग से सीएचएएफबी में की गई। इसने कहा कि 'ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल' में यकृत का सफलतापूर्वक प्रतिरोपण किया गया। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहा, ''यह अभियान 'जीवनसार्थकथे कर्नाटक' के साथ मिलकर किया गया। यह सशस्त्र सेना चिकित्सा समुदाय की असाधारण प्रतिबद्धता और चिकित्सकीय क्षेत्र में विशेषज्ञता को दर्शाता है।''




## राजग सरकार ने 11 साल में महिला नीत विकास को पुन: परिभाषित किया: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुन: परिभाषित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों ('लाइव बर्थ') पर मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई। इनमें महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा, ''हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वह दौर भी देखा है, जब उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता था लेकिन आज वे ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 वर्ष में हमारी नारीशक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।''

**देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 6,000 के पार हुई** (पृष्ठ 7)

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन

DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL



हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

## अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा बनकर बेहद भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं: भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुक्ला

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की अपनी ऐतिहासिक यात्रा से पहले, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन की तैयारियों को एक ''अद्भुत यात्रा'' बताया है और कहा कि इस बेहद महत्वपूर्ण परियोजना का हिस्सा होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। भारतीय वायुसेना के 39 वर्षीय पायलट चालक दल के तीन अन्य सदस्यों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्षयान से आईएसएस की यात्रा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह अंतरिक्षयान फाल्कन 9 रॉकेट के जरिये मंगलवार को भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर 52 मिनट पर फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरेगा। एक्सिओम-4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा चालक दल के अन्य सदस्यों में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की, हंगरी से टिबोर कापू और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन शामिल हैं। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला लगभग चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी। लखनऊ में जन्मे शुक्ला ने मंगलवार को प्रक्षेपण से पहले 'एक्सिओम स्पेस' द्वारा जारी एक वीडियो में कहा, ''यह एक अद्भुत यात्रा रही है; ये ऐसे क्षण हैं, जो वास्तव में आपको एहसास कराते हैं कि आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा बन रहे हैं, जो आपसे कहीं बड़ी है। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि इसका हिस्सा बनकर मैं कितना भाग्यशाली हूं।'' शुक्ला को प्यार से ''शक्स'' के नाम से जाना जाता है। टिबोर कापू ने कहा, ''शक्स (शुक्ला) की बुद्धिमत्ता और उनके पास मौजूद ज्ञान से पता चलता है कि उनकी उम्र 130 साल हो सकती है।'' व्हिटसन, एक अनुभवी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष में 675 दिन बिताए हैं और 10 अंतरिक्ष चहलकदमी की है।





## जम्मू-कश्मीर में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा

पहलगाम आतंकी हमले के डेढ़ महीने बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा स्थानीय लोगों के साथ एकजुटता की एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। इसके साथ ही केंद्र शासित प्रदेश में बड़ी रेल परियोजनाओं के उद्घाटन से पाकिस्तान को सख्त संदेश देने की कोशिश की गई है कि जम्मू-कश्मीर की प्रगति को उसकी तमाम साजिशों के बावजूद धीमा नहीं पड़ने दिया जाएगा। इसके विपरीत पाक पोषित आतंकवादियों द्वारा शांति भंग करने के तमाम षड्यंत्रों के बावजूद विकास में तेजी लाने के भरसक प्रयास जारी रहेंगे। कश्मीरियों से संवाद कायम करते हुए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर पर्यटकों को निशाना बनाने और पर्यटन पर निर्भर लोगों को उनकी आजीविका से वंचित करने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे सीधे-सीधे इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला बताया। निस्संदेह, कश्मीर घाटी को भारत के बाकी रेल नेटवर्क से जोड़ने का सामरिक व प्रतीकात्मक महत्व किसी से छिपा नहीं है। यह सरकार के इस दृष्टिकोण की पुष्टि है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न व अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। प्रधानमंत्री ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक को जम्मू कश्मीर की नई पहचान और भारत की नई ताकत बताया है। इस प्रकार उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि पहलगाम के जघन्य हत्याकांड के बाद केंद्र शासित प्रदेश और देश, दोनों ही मजबूत हुए हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की स्पष्ट अभिव्यक्ति न केवल स्थानीय लोगों बल्कि शेष देश से आने वाले पर्यटकों का विश्वास फिर से हासिल करने का सार्थक प्रयास है। इसी तरह के प्रयास राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से भी किए जा रहे हैं। राज्य के लोगों का मनोबल और पर्यटकों का भरोसा बढ़ाने के मकसद से मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पिछले सप्ताह एक सराहनीय कदम उठाया। उन्होंने पहलगाम की सड़कों पर साइकिल चलाई और जोर देकर कहा कि अब आतंकवाद पर्यटन को नहीं रोक सकता है। वहीं केंद्र सरकार भी इस दिशा में रचनात्मक भूमिका निभा रही है और राज्य सरकार को हर संभव सहयोग दे रही है।

दरअसल, केंद्र सरकार भी लगातार इस दिशा में सक्रिय है कि जम्मू-कश्मीर की कानून व्यवस्था पटरी पर आ चुकी है। इसमें दो राय नहीं है कि केंद्र व राज्य सरकार के सामने पर्यटकों का भरोसा हासिल करना इतना भी आसान नहीं है। उन्हें यह भरोसा दिलाना सहज नहीं है कि कश्मीर में सब कुछ ठीक-ठाक है और उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीरियों के प्रति भय और अविश्वास गंभीर स्थिति तक जा पहुंचा था। हालांकि, कश्मीरी लोगों ने पहलगाम घटना के खिलाफ जोरदार विरोध किया था। वे आतंकवादियों के खिलाफ नारे लगाते हुए बाकायदा सड़कों पर भी उतरे थे। उन्होंने आतंक की घटना का सार्वजनिक तरीके से विरोध करके नई पहल की। निश्चित रूप से सत्ता में बैठे लोगों को उन नफरत फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पुनरुद्धार से होने वाले लाभों को पलीता लगाने पर तुले हैं। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को राष्ट्र को समर्पित, चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल हर भारतीय के लिये गर्व का विषय है। बताया जाता है कि यह एफिल टावर से भी ऊंचा है। साथ ही इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह तूफान, बम हमले और भूकंप के खतरे में भी सुरक्षित रह सकता है। दरअसल, यह पुल चिनाब नदी पर बना और उधमपुर-श्रीनगर के बीच रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा भी है। रेलवे के अनुसार यह पुल कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर लंबे मार्ग में अहम संपर्क सुविधा को विस्तार देगा। साथ ही सामरिक दृष्टि से भी सेना के लिये इस पुल का विशेष महत्व है। करीब 1468 करोड़ रुपये में बना यह पुल आठ साल की मेहनत के बाद बना है। निस्संदेह, जम्मू-कश्मीर में नई ट्रेनों और रेलवे पुलों की सामान्य स्थिति बहाल करने में बड़ी भूमिका है, इसलिए उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह पर्यटकों व यात्रियों की सुरक्षा से अटूट रूप से जुड़ा है। इसमें दो राय नहीं कि सरकार सही रास्ते पर है और जम्मू-कश्मीर के लिये यह एक शुभ संकेत ही कहा जाएगा।

# मोदी का 11वां साल: भारत के बदलाव में एक बड़ी उपलब्धि



**श्री हरदीप एस पुरी**
भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं

लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है। यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है।

'अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय' के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाए। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। 'लखपति दीदी' पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना 1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है।

जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं।

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई। दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है।

दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है। आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीईपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100% एफडीआई खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद मिली है।

ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गई मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किए गए हैं।

ससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में 27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का 3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और

सका उत्पादन 2027 में शुरू होगा।

भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं जो एआई, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है। स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है।

इस बीच, भारत धीरे-धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46% हिस्सेदारी हो गई है, जो यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन-देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय 44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गई और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है।

मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है। विजन बरकरार है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, निर्णायक दशक अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। इतिहास इस वक्त को सिर्फ तेज विकास के चरण के रूप में ही नहीं, बल्कि उस क्षण के रूप में दर्ज करेगा, जब भारत ने विश्वास किया, बदलाव किया और नेतृत्व किया है।


# सोशल मीडिया बच्चों को हिंसक एवं बीमार बना रहा है



**ललित गर्ग**

सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से बच्चों का बचपन न केवल प्रभावित हो रहा है, बल्कि बीमार, हिंसक एवं आपराधिक भी हो रहा है। यह चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। यह बच्चों को समय के प्रति, परिवार एव सामाजिक कौशल के प्रति और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया ने बच्चों से बाल-सुलभ क्रीड़ाएं ही नहीं छीनी बल्कि दादी-नानी की कहानियों से भी वंचित कर दिया है। कुछ विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चे अनैतिक, उग्र, जिद्दी एवं आक्रामक भी हो रहे हैं, जो उन्हें चिंता और अवसाद में धकेल रहे हैं। बच्चें सोशल मीडिया पर वक्त ज्यादा गुजार रहे हैं, ऑनलाइन गेम्स ने बच्चों की दुनिया ही बदल दी है। अब ये आवाज उठने लगी है कि क्यों न बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर देना चाहिए? टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में ऐसे ही चिन्ताजक तथ्य सामने आये हैं कि बड़ी संख्या में युवा माता-पिता कहानियों की बजाय डिजिटल मनोरंजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। पंचतंत्र से लेकर स्नो व्हाइट पिनोकियो जैसी कहानियां अब शेल्फ पर धूल फांक रही हैं। नये बन रहे समाज एवं परिवार में सोशल मीडिया जहर घोल रहा है।

स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है। सोने के समय बच्चों को कहानियां सुनाना या उनके लिए लोरियां गाना कभी पारिवारिक संस्कृति का अहम हिस्सा हुआ करता था। दादी-नानी हों या माता-पिता की सुनाई गई परीकथाएं बच्चों के लिए नींद से पहले की सबसे प्यारी यादें होती थीं। लेकिन अब सोशल मीडिया के आने से इसके बिना बचपन सूना हो रहा है। बच्चे किताबों और खेलकूद के मैदानों से दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी उनकी आंखों के साथ दिमागी सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है। इसके अलावा शारीरिक श्रम एवं रचनात्मकता भी कम हो गई है। यह केवल पश्चिमी देशों की ही नहीं, भारत की भी सच्चाई बन चुकी है। जेन जेड यानी 1996 से 2010 के बीच जन्मे युवा माता-पिता अब इस प्यारी परंपरा से मुंह मोड़ रहे हैं। हालिया शोधों से पता चला है कि अब कहानियां पढ़ना-सुनाना जेन जेड माता-पिता के लिए जिम्मेदारी एवं मनोरंजन नहीं बल्कि एक थकाऊ काम बन गया है।



मोबाइल अब केवल बच्चों के लिए ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े भी इसकी चपेट में हैं। यह सिर्फ फोन या मैसेज करने तक ही सीमित नहीं रहा है। ना जाने कितने ही तरह के ऐप्स, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसी सोशल मीडिया एप, और गेम्स बड़ो एवं बच्चों को दिन भर व्यस्त रखते हैं। लेकिन अगर मोबाइल के बिना आपको बेचैनी होती है तो समझ जाइये कि आप भी इस एडिक्शन के शिकार होते जा रहे हैं जो आपके लिए चिन्ता की बात है।

टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में खासकर महानगरों और शहरी इलाकों में सोशल मीडिया का बच्चों में प्रचलन अधिक बढ़ रहा है। पढ़ने को मनोरंजन एवं ज्ञान का हिस्सा मानने की बजाय 'गंभीर पढ़ाई' से जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक नई पीढ़ी के अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को कहानी सुनाना एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है। शहरीकरण एवं पारिवारिक संरचना में बदलते स्वरूप से पिछले दस सालों में बड़े बदलाव हुए हैं, संयुक्त परिवार की जगह अब एकल परिवार हैं, जहां दादी-नानी जैसे कहानी सुनाने वाले सदस्य मौजूद नहीं है। समय की कमी, कामकाजी जीवन की व्यस्तता और थकान के कारण माता-पिता के पास बच्चों को कहानी सुनाने का समय नहीं बचता। नई पीढ़ी के माता-पिता खुद ही पढ़ने की आदत से दूर हो चुके हैं, जिससे बच्चों को प्रेरणा नहीं मिलती। स्कूल का होमवर्क भी इसमें बड़ी बाधा है। रिपोर्ट के आंकडों के अनुसार 41 प्रतिशत माता-पिता ही रोज अपने चार साल तक के बच्चों को कहानी सुनाते हैं। जबकि 2012 में यह आंकड़ा 64 प्रतिशत था। 28 प्रतिशत जेन जेड माता-पिता पढ़ने को एक मजेदार गतिविधि नहीं मानते।

बच्चों की सोशल मीडिया चैनल्स पर उपस्थिति उन्हें वास्तविक जीवन से दूर करके वर्चुअल दुनिया में ले जा रही है। जहां दिखावटीपन एवं नकारात्मकता की भरमार है। इससे बच्चों का बचपन तो छिन ही रहा है, उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास भी अवरुद्ध हो रहा है। सोशल मीडिया यानी यूट्यूब-इंस्टा, अन्य सोशल साइट की लत बच्चों को वास्तविक दुनिया से दूर कर रही है और उनकी एकाग्रता, याददाश्त और ध्यान की क्षमता को कम करके उन्हें अपंग, बीमार एवं हिंसक बना रही है। बच्चे अपने प्रश्नों का हल या समस्या का निवारण किताबों में ढूँढकर पढ़ने के बजाय केवल मोबाइल पर ढूँढने के आदी होते जा रहे हैं जो उचित नहीं है। मोबाइल और साइबर एडिक्शन अब एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है जो बच्चों की दिनचर्या पर बुरा असर डाल रही है। इससे मानसिक विचलन और चिड़चिड़ापन बढ़ता जा रहा है कि हम छोटी छोटी बातों पर घर-परिवार के सदस्यों पर गुस्सा करने लग गये हैं।

मोबाइल आपके बच्चे से उसका बचपन ही नहीं छीन रहा है बल्कि उसे हिंसक भी बना रहा है। हरियाणा में 9 साल के एक बच्चे को इसकी इतनी बुरी लत थी कि उसने स्मार्टफोन छीने जाने की वजह से अपना हाथ काटने की कोशिश की। मोबाइल की लत का ये इकलौता मामला नहीं है। 12 साल का अविनाश मोबाइल के बिना एक पल नहीं रह सकता। उससे अगर मोबाइल छीन लिया जाये तो वो गुस्से में आ जाता है। ऐसी ही लत है भोपाल यूनिवर्सिटी की प्रिया को। उसे व्हाट्सऐप की ऐसी लत लगी कि वह पूरी रात जगी रह जाती है। अब वह इस लत से छुटकारा पाने के लिए मानसिक अस्पताल में काउन्सलिंग ले रही है। मोबाइल की लत से बच्चे आपराधिक भी होते जा रहे हैं और गलत कदम तक उठा रहे हैं। अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में एक 16 वर्षीय लड़के ने अपनी माँ और बहन की हत्या कर दी क्योंकि बहन ने शिकायत कर दी थी कि भाई दिन भर मोबाइल फोन पर खतरनाक गेम खेलता रहता है और इसलिए माँ ने बेटे की पिटाई की, उसे डाँटा और उसका मोबाइल छीन लिया। मोबाइल पर मारधाड़ वाले गेम खेलते रहने के आदी लड़के का गुस्सा इसी से बढ़ गया। इसी तरह कुछ महीनों पहले कोटा में एक 16 वर्षीय किशोर ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की जाँच पड़ताल में पता चला कि बच्चे को पबजी गेम खेलने की लत थी और दिनभर मोबाइल में गेम खेलता रहता था। जब घरवालों ने मोबाइल छीन लिया और देने से मना कर दिया तो यह गलत कदम उठा लिया।

देश में बड़े अस्पतालों में मोबाइल की लत के शिकार लोगों के इलाज के लिए खास क्लीनिक हैं। और यहाँ आने वाले मरीजों की संख्या जिनमें बच्चें बहुतायत में हैं, अब दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। मोबाइल और एप बनाने वाली कम्पनियाँ अपने मुनाफे के लिए कितनी अमानवीय हो गयी हैं कि यह सब जानते हुए भी लोगों को मानसिक रोग के गड्ढ में धकेल रही हैं। वे नये-नये गेम बनाकर मुनाफा बटोर रही हैं। परिवार एवं समाज में जागरूकता अभियान के साथ सरकार को इस उभर रहे बड़े संकट पर ध्यान देना होगा। बच्चों को खेल, कला, संगीत और अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जानकारी दें और उन्हें साइबर अपराधों से बचने के तरीके सिखाएं। बच्चों को सोशल मीडिया का उपयोग करने के बारे में सही जानकारी देना और उन्हें इसके नकारात्मक प्रभावों से बचाना जरूरी है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका दौरा समाप्त किया



**वॉशिंगटन** : शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अमेरिका दौरा समाप्त किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लांडाउ समेत कई राजनयिक एवं राजनीतिक नेताओं से मुलाकात कर पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को रेखांकित किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की संपर्क पहल के तहत अमेरिका पहुंचा था। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक था जिन्हें 33 वैश्विक राजधानियों में भेजा गया था, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की आतंकवाद में संलिप्तता के बारे में अवगत कराया जा सके। प्रतिनिधिमंडल तीन जून को अमेरिकी राजधानी वॉशिंगटन पहुंचा और तीन दिनों के दौरान 'कैपिटल हिल' में अमेरिकी सांसदों, विदेश नीति विशेषज्ञों, विचारक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, मीडिया एवं प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात की। थरूर ने व्हाइट हाउस में अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस से हुई लगभग 25 मिनट की मुलाकात को उत्कृष्ट बताया।उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, वेंस ने पहलगाम हमले को लेकर आक्रोश और 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत की संयमित प्रतिक्रिया के प्रति समर्थन जताया। प्रतिनिधिमंडल ने सदन की विदेश मामलों की समिति, इंडिया कॉकस, सीनेट की विदेश मामलों की समिति के नेताओं समेत कई अमेरिकी सांसदों से भी बातचीत की।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 जून, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 09:35 तक, नक्षत्र : विशाखा, 15:22 तक, योग : शिव, 12:59 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 16:46, चन्द्रास्त: 02:57, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 06:35 से 08:15

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं।

**वृष** : वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। कार्यक्षेत्र में अपेक्षित परिणाम मिलेंगे

**मिथुन** : मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा।

**कर्क** : कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी।

**सिंह** : सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है।

**कन्या** : कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है।

**तुला** : तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक्की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी।

**धनु** : जीवनसाथी से आर्थिक विषयों पर मतभेद संभव हैं, परंतु भावनात्मक संबंध मजबूत रहेंगे। कोई पुरानी योजना फलीभूत हो सकती है। आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं।

**मकर** : मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा।

**कुम्भ** : कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है।

**मीन** : मीन राशि के लोगों का दिन सफलता और संतुलन दोनों लेकर आया है। कठिन समय खत्म होता दिख रहा है। व्यापार में नए अवसर मिलेंगे और विरोधियों पर विजय मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3117

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 | |
| | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | | ■ |
| ■ | 9 | | ■ | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | 13 |
| 14 | | ■ | 15 | | | | | ■ | |
| ■ | 16 | 17 | | ■ | ■ | | ■ | 18 | |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 | ■ | |
| 22 | | ■ | 23 | | | ■ | 24 | 25 | |
| | ■ | 26 | | ■ | 27 | 28 | ■ | | ■ |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) देश का सर्वप्रधान शासक, 4) निरर्थक, 7) मिठाई बनाकर बेचनेवाला, 8) जमावड़ा, 9) बटाटा, 10) महीना, 12) उपयोग, 14) जवान, 15) संध्या, 16) साक्षी, 18) परछाँई, 19) कामदेव, 20) सर्वदा; हमेशा, 22) शपथ, 23) समतल, 24) ज्ञात, 26) कराह; गहरा साँस, 27) जानकारी; ठौर ठिकाना, 29) चिंतित, 30) घंटानाद होना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) पथिक, 2) पक्ष; बगल, 3) एक तेलस्रोत अनाज, 4) कृतघ्नता, 5) तत्काल, 6) छोकरा, 9) आना-जाना, 11) यथेष्ट; ठीक, 13) एक भाषा, 15) जीवनस्तर; चालचलन, 17) सिद्धान्त, 20) हिचकिचाहट; संकोच; घबराहट, 21) रात, 22) इलज़ाम, 25) छीन लेना; ठगना, 26) उम्मीद, 28) स्वर - आलाप *(संगीत)*.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | ■ | मा | यू | स | ■ | प | छ | ता | वा |
| य | ■ | फ़ि | ■ | ब | या | र | ■ | ज़ | ■ |
| ल | प | क | ना | ■ | र | वा | न | गी | ■ |
| ■ | र | ■ | न | ष्ट | ■ | ना | ग | ■ | का |
| आ | व | श्य | क | ■ | दु | ■ | रा | ष्ट्री | य |
| ■ | श | ■ | ■ | क | ष्ट | सा | ध्य | ■ | र |
| प | ता | का | ■ | ठि | ■ | ■ | क्ष | म | ता |
| तं | ■ | ज | ल | न | ख़ो | री | ■ | द | ■ |
| ग | फ़ | ल | त | ■ | ■ | ता | ज़ि | द | गी |

## सुडोकू-पहेली-3074

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| 4 | | 7 | 9 | | 3 | | | |
| | | 6 | | 8 | 7 | | | |
| | | | | 5 | | 4 | 2 | |
| 9 | 5 | | | | 2 | | | 3 |
| | 3 | | 7 | 1 | 8 | | | 5 |
| | | | 6 | | | 2 | 7 | |
| | | | 2 | | | | | |
| 7 | | | | | | 1 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3073 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 6 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 7 |

# बउबाजार में 100 साल पुराना मकान धराशायी, श्रमिक की मौत



**कोलकाता, समाज्ञा :** एक बार फिर महानगर कोलकाता में एक पुराना मकान धराशायी हो गया। घटना बउबाजार के श्रीनाथ दास लेन में रविवार को घटी। यहां एक पुराना मकान ढह गया। इस घटना में एक श्रमिक आशुतोष अधिकारी की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, 100 साल पुराने मकान का एक बड़ा हिस्सा, जिसमें लटकता हुआ बरामदा या बालकनी भी शामिल है, अचानक गिर गया। निगम, पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त जर्जर मकान के नीचे कई श्रमिक काम कर रहे थे। तभी उक्त हादसे में श्रमिक आशुतोष गंभीर तौर पर घायल हुआ व उसे कोलकाता मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद केएमसी व पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य को शुरु किया। खबर के लिखे जाने तक मलवा निकाले जाने का काम चल रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उक्त मकान को पहले ही जर्जर व खतरनाक घोषित किया जा चुका था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, करीब छह मजदूर पुराने मकान के मरम्मत का काम कर रहे थे। आशुतोष उनके साथ था। मकान मालिक ने जीर्णोद्धार का काम शुरू कर दिया था। उस काम के दौरान सामने के बरामदे का एक बड़ा हिस्सा अचानक ढह गया। इसमें एक श्रमिक घायल हो गया। बाकी मजदूर बाल-बाल बच गए। कोलकाता नगर निगम भवन विभाग के कर्मचारी, आपदा प्रबंधन समूह (डीएमजी), दमकल विभाग और बउबाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सुरक्षा कारणों से इलाके में बैरिकेड लगा दिए गए हैं। इंजीनियर यह जांच कर रहे हैं कि बचा हुआ हिस्सा खतरनाक है या नहीं।

# एसएसकेएम अस्पताल में कैंटीन मैनेजर की रहस्यमयी मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएसकेएम अस्पताल में रविवार को कैंटीन मैनेजर का शव मिला। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अस्पताल के न्यू एमबीबीएस छात्रावास के कैंटीन मैनेजर शांतनु घोष (38) का शव मिला। शव के बरामद होने से अस्पताल में सनसनी फैल गई। शांतनु घोष के गले में रस्सी का फंदा लगा हुआ मिला। भवानीपुर थाने की पुलिस ने शव बरामद किया व पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शुरुआती जांच में पुलिस को संदेह है कि शांतनु घोष भारी कर्ज के बोझ से दबा था। माना जा रहा है कि कर्ज के कारण उसने आत्महत्या की है। इस दिन, सुबह करीब 8 बजे कैंटीन के अन्य कर्मचारियों ने शांतनु घोष का लटकता हुआ शव देखा।



आनन-फानन में उनके शव को एसएसकेएम अस्पताल के आपातकालीन विभाग में ले जाया गया। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक शांतनु रॉय पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएसकेएम अस्पताल में ही भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों की विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

# बंगाल में कोरोना के 71 नए मामले, उपचाराधीन मामलों की संख्या 693 हुई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस संक्रमण के 71 नए मामले सामने आए हैं और वर्तमान में राज्य में उपचाराधीन मामलों की संख्या 693 है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि नए मामलों में शनिवार से सामने आए मामले शामिल हैं और इस अवधि के दौरान बीमारी के कारण किसी की मौत नहीं हुई। इसने कहा कि नए मामले सामने आने के साथ ही राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के 53 मरीज ठीक भी हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में वर्तमान में उपचाराधीन मामलों की संख्या 693 है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्थिति नियंत्रण में है। इन मामलों में मरीजों को हल्के लक्षण हैं।




# नशेड़ी का तांडव, दो पुलिस कर्मियों पर चाकू से हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के नॉर्थ पोर्ट थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई, जब नशे की हालत में एक युवक ने ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपित की पहचान सुल्तान नामक युवक के रूप में हुई है, जिसने अचानक एएसआई पार्थ चंद्र और कांस्टेबल सुखेंदु माझी पर चाकू से कई वार किए। दोनों घायल पुलिस कर्मियों को गंभीर हालत में कोलकाता मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नॉर्थ पोर्ट थाना क्षेत्र के पास स्थित एक शराब की दुकान इलाके में तनाव और असुरक्षा का बड़ा कारण बन गई है। रोज शाम होते ही वहां नशेड़ियों की भीड़ जुटती है। सड़कों पर खुलेआम शराब पीना, गाली-गलौज और मारपीट जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। शनिवार की रात भी कुछ ऐसा ही हुआ जब आरोपित सुल्तान शराब पीने के बाद लोहे की रॉड लेकर लोगों को धमकाने लगा। डर के माहौल में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना से एएसआई पार्थ चंद्र और कांस्टेबल सुखेंदु माझी मौके पर पहुंचे। पुलिस के हस्तक्षेप करते ही सुल्तान ने अचानक चाकू निकाल लिया और दोनों अधिकारियों पर हमला कर दिया। खून से लथपथ दोनों पुलिस कर्मी वहीं गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही थाने से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में लिया। आरोपित को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां उससे पूछताछ जारी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि इस इलाके में शराब की दुकान के चलते माहौल दिनों-दिन बिगड़ता जा रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने शराब दुकान को बंद कराने और इलाके में नियमित पुलिस गश्त की मांग की है। फिलहाल, घायल पुलिस कर्मियों की हालत स्थिर बताई जा रही है।



# 20 जून को बंगाल दौरे पर आ सकते हैं पीएम मोदी

- **नंदीग्राम में जनसभा को संबोधित कर सकते हैं पीएम**
- **कोलकाता मेट्रो की कुछ परियोजनाओं का भी उद्घाटन कर सकते हैं पीएम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक माह के भीतर एक बार फिर बंगाल के दौरे पर आ सकते हैं। प्रदेश भाजपा के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अगर सब कुछ ठीक रहा तो प्रधानमंत्री 20 जून को पश्चिम बंगाल दिवस के दिन बंगाल के दौरे पर आएंगे और सरकारी कार्यक्रमों के अलावा जनसभा को भी संबोधित कर सकते हैं। बताया गया कि इस बार पीएम मोदी की जनसभा दक्षिण बंगाल में आयोजित होगी। सूत्रों के अनुसार, पीएम 20 जून को पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में जनसभा कर सकते हैं, जहां से बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी विधायक हैं। भाजपा की राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा कि राजनीतिक सभा के साथ ही पीएम इस दौरे में कोलकाता मेट्रो की कुछ परियोजनाओं का भी उद्घाटन कर सकते हैं। इसमें कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन सहित अन्य कई परियोजनाओं का काम पूरा हो चुका है, जिसका उद्घाटन किया जाना है। प्रदेश भाजपा के सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय को पीएम के दौरे को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है। हालांकि, पीएमओ की ओर से पीएम के दौरे के बारे में अभी अंतिम रूप से कुछ बताया नहीं गया है। वहां से पुष्टि होने के बाद ही आगे की जानकारी साझा की जाएगी।

## अब राशन दुकानों पर समय से पहले अनाज पहुंचाएगा खाद्य विभाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार के खाद्य विभाग ने निर्धारित समय से पहले राशन की दुकानों तक खाद्य सामग्री पहुंचाने के लिए विशेष पहल शुरू की है। इसके तहत आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर समय सीमा में बदलाव किया जा रहा है। विभाग के एक निर्देश में कहा गया है कि गेहूं और चावल प्रत्येक महीने 25 तारीख तक राशन डीलरों तक पहुंच जाना चाहिए। आटे के मामले में आवंटन का 70 प्रतिशत पिछले महीने की अंतिम तिथि तक वितरित किया जाना चाहिए और शेष 30 प्रतिशत उस महीने की पांच तारीख तक वितरित करना होगा। खाद्य विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यदि खाद्यान्न ग्राहकों तक पहले पहुंचता है, तो इससे समय पर अनाज का वितरण करना सुविधाजनक होगा। नए निर्देश के बाद आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन के महासचिव विश्वंभर बसु ने राशन दुकानों के बुनियादी ढांचे पर सवाल उठाए। उनके अनुसार यदि बड़ी मात्रा में खाद्यान्न पहले ही भेज दिया जाता है, तो इसे संग्रहित करने में समस्या हो सकती है। दुकानों का बुनियादी ढांचा सीमित है। हमने खाद्य विभाग को इस बारे में सूचित कर दिया है। खाद्य विभाग की त्रिस्तरीय आपूर्ति शृंखला में खाद्यान्न का आवंटन होता है, यह वितरकों और थोक विक्रेताओं के माध्यम से राशन डीलरों तक पहुंचता है। राशन दुकान डीलरों ने राज्य सरकार से अनाजों को रखने के लिए पहले जगह मुहैया कराने का आवेदन किया है।

# संदेशखाली मामला: टीएमसी के पूर्व नेता शेख शाहजहां के खिलाफ जांच जारी, सीबीआई ने दर्ज किया महिला का बयान

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली पहुंची और उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शेख शाहजहां के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली एक स्थानीय महिला का बयान दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सीबीआई दल ने शिकायतकर्ता झुमा मंडल का बयान दर्ज किया और अब इसकी जांच की जायेगी। सीबीआई अधिकारी ने कहा कि हमने उसका बयान दर्ज कर लिया है, जिसे वह निजी रखना चाहती थी। उसके बयान की जांच की जाएगी। शिकायतकर्ता ने कहा कि मैंने बहुत पहले ही सीबीआई में अपनी शिकायत दर्ज करा दी थी। मैंने जो कुछ भी उससे (सीबीआई टीम से) कहा है, वह निजी है। हम सभी शाहजहां के लिए मृत्युदंड चाहते हैं। संदेशखाली की महिलाएं सुरक्षित हैं, क्योंकि शाहजहां हिरासत में है। हमें पूरा विश्वास है कि यदि वह बाहर आ गया तो वह फिर हमें प्रताड़ित करना शुरू कर देगा। जब सीबीआई टीम मंडल के घर पहुंची तब वह अपने घर पर नहीं थी।

अधिकारी ने कहा कि वह संदेशखाली के नैजाट में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी की रैली में भाग लेने गई थी। उन्होंने बताया कि बाद में धामाखाली में एक अतिथि गृह में महिला का बयान दर्ज किया गया। जनवरी 2024 में जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में संदेशखाली में शाहजहां के आवास पर छापेमारी करने गये थे तब उनपर हमला किया गया था और उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। बाद में, संदेशखाली में कई महिलाओं ने शाहजहां और उसके सहयोगियों पर जमीन हड़पने और यौन शोषण का आरोप लगाया था। शाहजहां का मछली पालन का धंधा है। संदेशखाली कोलकाता से लगभग 80 किलोमीटर दूर है। सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले रखी है। शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस ने 29 फरवरी, 2024 को गिरफ्तार किया था और सीबीआई ने उसे छह मार्च को अपनी हिरासत में ले लिया था।

# महेशतला में किशोर पर नृशंस अत्याचार मामले में सीआईडी ने जांच शुरू की, इस्लामपुर में उबाल

## गिरफ्तार लोगों को मुंबई से रवींद्रनगर पुलिस स्टेशन लाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** महेशतला में नाबालिग किशोर को कथित तौर पर प्रताड़ित कर उल्टा लटकाए जाने की सनसनीखेज घटना के बाद से वह अब तक लापता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डायमंड हार्बर जिला पुलिस ने अब राज्य की आपराधिक जांच शाखा (सीआईडी) की मदद ली है। सीआईडी की क्रिमिनल इंटेलिजेंस गजट में किशोर की तस्वीर, पहचान से जुड़ी सभी जानकारियां प्रकाशित की गई हैं और विभिन्न सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की जा रही है। घटना को नौ दिन गुजर जाने के बावजूद पीड़ित किशोर का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस और जांच एजेंसियां सक्रिय रूप से उसे तलाश रही हैं। किशोर की तस्वीर और जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और पुलिस के व्हाट्सऐप ग्रुप्स के माध्यम से प्रसारित की गई है। इसके साथ ही रवींद्रनगर सहित कोलकाता और आस-पास के जिलों के थानों, अस्पतालों और शवगृहों को भी किशोर की जानकारी भेजी गई है। रविवार को इस्लामपुर के माटिकुंडा इलाके में स्थानीय निवासियों ने राज्य सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि किशोर को जल्द से जल्द बरामद किया जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। इस बीच, पुलिस ने जानकारी दी है कि मुंबई से गिरफ्तार किए गए आरोपियों को रविवार को रवींद्रनगर थाने लाया जा रहा है। वहीं, किशोर के परिवार में चिंता का माहौल गहराता जा रहा है।




## नदिया के शांतिपुर में आम के बागान से तीन जिंदा बम बरामद, इलाके में मचा हड़कंप

**कोलकाता :** रविवार सुबह नदिया जिले के शांतिपुर थाना अंतर्गत मेलेर मैदान इलाके में आम के एक बागान से तीन जिंदा बम बरामद किए गए, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुबह कुछ युवक बागान में काम कर रहे थे, तभी झाड़ियों के बीच उन्हें संदिग्ध वस्तुएं दिखाई देती हैं। पास जाकर देखने पर उन्हें बम जैसी वस्तुएं नजर आती हैं, जिसके बाद उन्होंने तुरंत शांतिपुर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए झाड़ियों से तीन जिंदा बम बरामद किए। पुलिस ने बमों को सुरक्षित तरीके से कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।



इस घटना के सामने आते ही मेलेर मैदान और आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोगों में डर का माहौल है, वहीं पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन बमों को वहां किसने और क्यों छिपाकर रखा था।

फिलहाल शांतिपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बम मिलने की इस घटना को लेकर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और भी सख्त कर दी गई है।

# रेस्तरां में बीजेपी नेत्री से मारपीट और छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और हत्या की धमकी से सनसनी!

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक रेस्तरां में खाना खाने गई बीजेपी की महिला पंचायत सदस्य के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न की कोशिश की गई। घटना के बाद से इलाके में राजनीतिक तनाव और भय का माहौल बन गया है। पीड़िता ने शांतिपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, और पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार, शांतिपुर के नवला ग्राम पंचायत की सदस्य और भाजपा नेत्री शनिवार रात अपने पति के साथ फूलिया स्टेशन के पास एक रेस्तरां में खाना खाने गई थीं। खाना ऑर्डर करने के बाद उनके पति पानी की बोतल लाने पास की एक दुकान पर गए। इसी दौरान रेस्तरां में पहले से बैठे चार युवक महिला को देखकर अश्लील टिप्पणी करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि युवकों ने न सिर्फ अश्लील इशारे किए, बल्कि उसके साथ जबरन छेड़छाड़ करने की कोशिश भी की।

जब महिला के पति लौटे और उन्होंने घटना का विरोध किया, तब चारों युवक आक्रामक हो उठे और पति-पत्नी दोनों के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, बीजेपी की महिला पंचायत सदस्य को यौन उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी भी दी गई।

किसी तरह दोनों पीड़ित अपने घर लौटे और थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रात में ही चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया और पूछताछ शुरू की। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना के पीछे कोई राजनीतिक साजिश है या नहीं।

इस घटना ने इलाके में राजनीतिक हलचल और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है।

# फर्जी पहचान पत्र बनाने के आरोप में इको पार्क से युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** घुसपैठियों के लिए फर्जी पहचान पत्र बनाने के आरोप में इको पार्क परिसर से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि यह बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी पहचान पत्र बनाता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पानीहाटी से पकड़े गए तीन घुसपैठियों से पूछताछ के बाद इस आरोपित के ठिकाने का पता चला। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मोहम्मद जियाउद्दीन मंडल है। वह इको पार्क थाना अंतर्गत धुनी पंचायत का निवासी है। उसे रहड़ा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, उसे रविवार को बैरकपुर अदालत में पेश किया गया। इससे पहले रहड़ा थाना की पुलिस ने तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ के बाद पता चला कि जियाउद्दीन पैसे के बदले घुसपैठियों के लिए फर्जी पहचान पत्र बनाता था।



# बिजली का खंभा कार पर गिरा, यात्री घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिजली का खंभा अचानक एक चार पहिया वाहन पर गिर गया, जिससे वाहन में सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना रविवार की सुबह डायमंड हार्बर के नेशनल हाईवे 117 पर काकद्वीप बीडीओ ऑफिस के पास हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह गात्रियों से भरा एक चार पहिया वाहन काकद्वीप से निशिन्तपुर इलाके की ओर आ रहा था। उसी समय एक इमारत के लिए सामान ले जा रहा एक लॉरी अचानक नियंत्रण खो बैठा और सड़क के किनारे एक बिजली के खंभे से टकरा गया। वहीं, यह हादसा हुआ। लॉरी के धक्के से बिजली का खंभा गिर गया। यात्रियों से भरा चार पहिया वाहन के अलावा उस समय एक यात्री टोटो भी उस सड़क से गुजर रहा था। बिजली का खंभा गिरने से टोटो में सवार यात्री भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के कारण डायमंड हार्बर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 117 पर काकद्वीप बीडीओ कार्यालय के पास कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। हादसे की खबर मिलने के बाद काकद्वीप पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मदद से जाम पर काबू पाया गया।




# नागेरबाजार में सोने की दुकान में डकैती का प्रयास, दो युवती गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दो युवतियां आभूषण खरीदने के बहाने दुकान में घुसीं। कर्मचारियों को उनके इरादों की भनक तक नहीं लगी। वे बातचीत करते हुए, अपने अंतर्वस्त्र में आभूषण भी छिपा रही थी। कर्मचारियों को शक होने पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इसके बाद, दोनों युवतियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। सनसनीखेज वारदात दक्षिण दमदम नगरपालिका के नागेरबाजार इलाके में हुई। शनिवार की रात दो युवतियां नागेरबाजार स्थित एक सोने की दुकान पर गई। आरोप है कि गहने देखते समय दोनों युवतियों ने चालाकी से कुछ गहने अंडरवियर में ठूंस लिए। अंगूठी और लॉकेट न मिलने पर कर्मचारियों को शक हुआ। उन्हें बैठाकर दुकान के सीसीटीवी की जांच की गई। वहां देखा गया कि दोनों चुपके से गहने छिपा रही थीं। दुकान का मालिक उस समय वहां नहीं था। जब उसे सूचना मिली तो वह तुरंत दुकान पर आया। उसे सीसीटीवी फुटेज भी दिखाई गई। इसकी सूचना नागेरबाजार थाने को दी गई। पुलिस ने दो आरोपी युवतियों को गिरफ्तार कर लिया है।





# लोन धोखाधड़ी का शिकार वृद्ध दंपती, 27 लाख रुपये का कर्ज लेकर आरोपी फरार!

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में एक चौंकाने वाली लोन धोखाधड़ी की घटना सामने आई है। शांतिपुर थाना क्षेत्र के सूत्रागढ़ मुंशीपाड़ा इलाके के निवासी वृद्ध दंपती को करीब 27 लाख रुपये के कर्ज में फंसा दिया गया है, जबकि उन्होंने इस लोन की जानकारी तक नहीं रखी। घटना सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।



पीड़ित मंगला सांतरा बिजली विभाग में अस्थायी कर्मचारी के रूप में काम करते थे लेकिन अब स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं। उनकी पत्नी दूसरों के घरों में काम कर किसी तरह घर चला रही थीं। करीब छह-सात महीने पहले उनकी पहचान शांतिपुर इलाके के ही निवासी प्रजित भद्र नामक व्यक्ति से हुई। उस व्यक्ति ने उन्हें बैंक लोन दिलाने का लालच दिया।

उसके कहने पर महिला के नाम पर बैंक खाता खोला गया और जरूरी कागजात भी ले लिए गए। लेकिन दंपती को न तो कोई दस्तावेज वापस मिले, न ही लोन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बीते शनिवार रात उनके घर बैंक से एक नोटिस आया, जिसमें बताया गया कि उनके बैंक खाते से करीब 27 लाख रुपये का लेन-देन हुआ है। इस खबर से उनका पूरा परिवार स्तब्ध है क्योंकि उन्हें न कोई राशि मिली, न ही लोन की जानकारी थी।

महिला ने जब प्रजित भद्र से संपर्क करने की कोशिश की, तो वह फरार मिला और उसके परिवारवालों ने महिला को अपमानित कर भगा दिया। इस घटना के बाद उन्होंने शांतिपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही बैंक अधिकारियों से भी संपर्क किया जा रहा है ताकि सच्चाई सामने लाई जा सके।

यह घटना बताती है कि किस तरह साधारण लोग धोखाधड़ी के जाल में फंसकर कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। पुलिस अब इस पूरे प्रकरण की तह तक जाने में जुटी है।

# दीघा के जगन्नाथ मंदिर का महाप्रसाद घर-घर पहुंचेगा, राशन डीलर नहीं लेंगे पारिश्रमिक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध तीर्थस्थल दीघा में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से इस वर्ष 17 जून से महाप्रसाद का वितरण घर-घर किया जाएगा। विशेष बात यह है कि इस धार्मिक कार्य में भागीदारी कर रहे राज्य के राशन डीलर न तो सरकार से किसी प्रकार की पारिश्रमिक राशि लेंगे और न ही सब्सिडी का कोई दावा करेंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रसाद को निःशुल्क वितरित करने के निर्णय के साथ डीलरों का यह सहयोगात्मक रवैया प्रशासनिक और सामाजिक दोनों स्तर पर सराहना का विषय बन गया है। इस पहल के अंतर्गत भगवान जगन्नाथ को अर्पित किए गए खोया खीर में स्थानीय रूप से तैयार पेडा



और गजा को मिलाकर महाप्रसाद तैयार किया जाएगा, जिसे राज्यभर के लाभार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। मिठाइयों की आपूर्ति स्थानीय मिष्ठान विक्रेताओं से की जाएगी, जिसका समन्वय नगर निकायों द्वारा किया जाएगा। सरकार ने इस वितरण व्यवस्था के तहत डीलरों को प्रति पैकेट 1 की दर से सब्सिडी देने का निर्णय लिया था। अनुमान के अनुसार राज्य के लगभग 11 करोड़ राशन कार्डधारी इस योजना से लाभान्वित होंगे, जिसके लिए डीलरों को कुल 11 करोड़ रुपये मिल सकते थे। किंतु डीलरों ने ऐलान किया है कि वे यह राशि भी नहीं लेंगे और इस सेवा को पूर्णतः निःस्वार्थ भावना से करेंगे। प्रसाद वितरण की निगरानी और समन्वय के लिए विभिन्न जिलों में जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में बैठकें हो चुकी हैं। मंदिर ट्रस्ट की योजना है कि यह संपूर्ण वितरण कार्य 'उलटा रथ' उत्सव से पूर्व ही पूरा कर लिया जाए। डीलरों का कहना है कि यदि वितरण प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से शुरू की गई, तो यह लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है।



**कोलकाता के सत्संग भवन में सनातन संस्कृति सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को पूर्णिमा चक्रवर्ती के नेतृत्व में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यार्थियों के सम्मान और संवर्धन हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सम्मानित अतिथि दिगंबर जैन के प्रिंसिपल डॉ. कमलेश, विजय ओझा, भोला प्रसाद सोनकर, एडवोकेट पूजा सोनकर, संजय मंडल, मीना पुरोहित और पूर्णिमा कोठारी उपस्थित रहे।**

### नागरिक स्वास्थ्य संघ ने 103 नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान की

# सेवा, धर्म, राजनीति के त्रिवेणी संगम से भारत का विकास : दिलीप घोष

**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ द्वारा समाजसेवी श्री गोविंदलालजी झंवर, राजकुमार झंवर एवम् परिवार के सहयोग से 103 नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन सेवा शिविर में किया गया। संघ के उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, प्रधान सचिव विकास चन्द चाण्डक, गोवर्धन मूंधड़ा, श्रीबल्लभ दुजारी, विकास जयसवाल, बसंत (झबरू) दुजारी, हरि प्रकाश सोनी ने शिविर के उद्घाटनकर्ता दिलीप घोष, समाजसेवी राजेश झंवर, श्वेता झंवर, गौरव झंवर, विनीता झंवर, पूजा झंवर, पूनम बागड़ी एवम् समस्त झंवर परिवार के सामाजिक सेवा कार्य की सराहना करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों




ने संघ नेत्रालय का भ्रमण कर नागरिक स्वास्थ्य संघ के सेवाकार्यों की सराहना की। सेवा, धर्म और राजनीति के त्रिवेणी संगम पर अपने विचार व्यक्त करते हुए दिलीप घोष ने कहा यह सनातन भारतीय परम्परा है, मानवता की सेवा धर्म है। मन के भाव, आत्मीय सुख सच्चा सुख है।

भारत के विकास के लिये स्वच्छ भारत की नीति तथा धर्म, सेवा और राजनीति में समन्वय जरूरी है। धन अर्जित करने और परोपकार के संदर्भ में कहा गंगा का जल गंगा को अर्पित शाश्वत सत्य है। बिड़ला, बांगड़ परिवार के सेवा कार्यों से प्रेरणा मिलती है। तीर्थ यात्राओं की याद ताजा करते हुए कहा तीर्थ यात्रियों की सेवा में सक्रिय सामाजिक संस्थाओं, कार्यकर्ताओं के सेवा कार्य प्रेरक हैं। विजय बागड़ी, सुनीता दुजारी, गणेश प्रसाद लाखोटिया, मधुसूदन सफ़्फ़ड़, राजकुमार कोठारी एवम कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संचालन एवम् धन्यवाद ज्ञापन विकास चन्द चांडक ने किया।

# रायगंज में छह महीने से हो रही शोषण और धमकियों के बाद गृहिणी से बलात्कार, आरोपी फरार

**उत्तर दिनाजपुर :** उत्तर दिनाजपुर के रायगंज जिले के बजितपुर इलाके में एक गृहिणी ने अपने पड़ोसी मिस्त्री मानिक दास पर छह महीने से चल रही छेड़खानी, बलात्कार और हत्या की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, मानिक दास ने लगातार उसे अकेला पाकर अभद्र प्रस्ताव और शारीरिक शोषण किया। आरोप है कि 15 मई को आरोपी ने महिला से बलात्कार किया। घटना छुपाने के लिए उसे धमकी दी गई कि अगर वह किसी को कुछ बताए तो उसके और उसके पति की हत्या कर दी जाएगी। डर और खौफ के कारण महिला चुप रही, लेकिन आरोपी लगातार उसका पीछा करता रहा और बार-बार धमकी और शारीरिक उत्पीड़न करता रहा।

रविवार सुबह जब महिला घर के बाहर अकेली थी, तब आरोपी ने फिर बलात्कार की कोशिश की। जब महिला ने आवाज़ लगाई, तो आरोपी ने गले में गमछा डालकर उसे मारने की कोशिश की। महिला की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, जिससे आरोपी भाग गया।

पीड़िता ने रायगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर चिंतित हैं और दोषी को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

# दृष्टिबाधित छात्रों को सशक्त बनाने की जेयू की पहल

**❑ परियोजना दिव्यांग छात्रों को मुख्यधारा में लाने में काफी मददगार साबित होगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी (जेयू) ने दृष्टिबाधित छात्रों को सशक्त बनाने पहल की है। इसके तहत जेयू के स्कूल आफ काग्निटिव साइंस को दृष्टिबाधित छात्रों के कल्याण के लिए फंड दिया गया है। इसके तहत दृष्टिबाधित छात्रों के लिए अंग्रेजी सीखने के लिए तकनीकी उपकरण विकसित करने की परियोजना बनाई गई है। स्कूल की निदेशक अमृता बसु ने बताया कि दृष्टिबाधित छात्र अक्सर अंग्रेजी में दक्षता की कमी से परेशान होते हैं, क्योंकि स्कूल स्तर पर उनकी शिक्षा का माध्यम ज्यादातर बंगाली होता है। उन्हें किसी भी भाषा को समझने के लिए अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है। यह भी देखा गया कि स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय स्तर पर स्क्रीन रीडर, आडियो-आधारित भाषा सीखने के प्लेटफार्म और अंग्रेजी में ब्रेल टेक्स्ट जैसे विशेष उपकरणों की कमी के कारण कई दृष्टिबाधित छात्रों को संघर्ष करना पड़ता है। हम उनकी इस कमी को पूरा करने में उनकी मदद करेंगे। दृष्टिबाधित छात्रों को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय इस स्कूल को हायर एजुकेशन फंडिंग एजेंसी (एचइएफए) से 44 लाख रुपये का अनुदान मिला है। यह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एक शाखा है। आइआइटी खडग़पुर में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग के पूर्व प्रोफेसर और अब जेयू में राजा रमन्ना चेयर के प्रो अनुपम बसु इस परियोजना के सलाहकार हैं। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा में पारंपरिक शिक्षण पद्धतियां अक्सर दृष्टिबाधित शिक्षार्थियों की जरूरतों को नजरअंदाज करती हैं, जिससे उनके सामान्य साथियों (जो दृष्टिबाधित नहीं) की तुलना में उनकी दक्षता का स्तर कम होता है। प्रोफेसर ने कहा कि परियोजना के हिस्से के रूप में, जेयू एक एआइ-आधारित सहायक उपकरण विकसित कर रहा है, जिसे विशेष रूप से दृष्टिबाधित व्यक्तियों को बोली जाने वाली अंग्रेजी सिखाने के लिए डिजाइन किया गया है। जेयू के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो दीपांकर सान्याल ने कहा कि जेयू हमेशा अपने समावेशी दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। जेयू में पीएचडी कर रहे दृष्टिबाधित छात्र जिशुआ देबनाथ ने कहा कि इस तरह की परियोजना दिव्यांग छात्रों को मुख्यधारा में लाने में काफी मददगार साबित होगी।

# गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप, बीएमसी और भामला फाउंडेशन: प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई

**कोलकाता :** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप (जीआईजी) ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) और भामला फाउंडेशन के सहयोग से इशरींझश्रीींळलझे श्रश्रीींळेप अभियान शुरू किया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) का समर्थन प्राप्त है। यह पहल प्लास्टिक प्रदूषण सहित गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों और धरती पर जीवन को बनाए रखने के लिए मिट्टी, पौधों और व्यापक पर्यावरण की रक्षा की आवश्यकता को संबोधित करती है। गोदरेज मैजिक हैंडवॉश पहल पर टिप्पणी करते हुए, नीरज सेंगुट्टुवन, प्रमुख विपणन (पर्सनल केयर), गोदरेज कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), ने कहा, भारत प्लास्टिक कचरे के गंभीर संकट का सामना कर रहा है, जहां हर साल लाखों टन कचरा उत्पन्न होता है और एकल-उपयोग प्लास्टिक पर्यावरणीय स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। गोदरेज मैजिक हैंडवॉश एक टिकाऊ नवाचार है, जो सामान्य हैंडवॉश की तुलना में 50% कम प्लास्टिक, 75% कम ईंधन और 75% कम कागज़ का उपयोग करता है।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर रेलवे की पहल, मालदह टाउन स्टेशन पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा रविवार को मालदह टाउन स्टेशन पर एक खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ, जिसमें स्टेशन परिसर में कार्यरत फूड प्लाजा और रिफ्रेशमेंट रूम के खाद्य सेवकों को सुरक्षित खाद्य प्रबंधन की तकनीकी जानकारी दी गई। इस सत्र का संचालन मालदह मंडल के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय गोप द्वारा किया गया, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और मंडलीय रेलवे अस्पताल, मालदह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस सत्र के दौरान श्री गोप ने खाद्य तैयारियों के दौरान बरती जाने वाली साफ-सफाई की विधियों, जल और खाद्यजनित संक्रमण के स्रोत, तथा उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। यह जागरूकता अभियान रेलवे द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य और गुणवत्ता सेवा को लेकर की जा रही गंभीर पहल का हिस्सा रहा, जिसका उद्देश्य न केवल खाद्य विक्रेताओं की जिम्मेदारी को स्पष्ट करना था, बल्कि यात्रियों को स्वस्थ और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना भी है।



### प्रमोद बजाज की अर्धांगिनी के स्वर्गलोक गमन के संदर्भ में सभा ओयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रमोद बजाज की अर्धांगिनी सरिता बजाज की गत 3 जून को स्वर्गलोक गमन के संदर्भ में रविवार को ज्योर्तिमय क्लब के सभागार में स्वजनों की उपस्थिति में एक सभा की गई। सभागार में परिवार के विष्णु, रवि, राजीव, अनशुमा, आशीष रस्तौगी, आदित्यनाथ, नितिन चमारिया, वन्दियाठेवन, अगस्तय, वन्या, दीपक अग्रवाल एवं स्वर्गीय सरिता के माता शान्ति देवी एवं पिता सत्यनारायण जाजोदिया की उपस्थिति रही। भारत विकास परिषद दक्षिण कोलकाता शाखा के वरीष्ठ पदाधिकारियों में अमरनाथ चौधरी, मुरली मनोहर मंधाना, सभापति अनिल अग्रवाल, डॉ ए पी राय एवं सुकान्त चौधरी ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मालदह में आरपीएफ जवानों को आपातकालीन स्थितियों हेतु सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**मालदह :** मालदह स्थित आरपीएफ प्रशिक्षण स्कूल में 6 जून को सुरक्षा कर्मियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा मंडलीय रेलवे अस्पताल, मालदह द्वारा किया गया, जो डॉ. सूरजित भट्टाचार्य, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/आईसी/एच एंड एफ डबल्यू के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व डॉ. बी.एस. मोहंता, मंडलीय चिकित्सा अधिकारी (एनेस्थीसिया) ने किया, जिन्होंने मैनिकिन के माध्यम से सीपीआर की पूरी प्रक्रिया को चरण-दर-चरण समझाते हुए प्रतिभागियों



को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में कुल 22 आरपीएफ कर्मियों ने भाग लिया।

# मालदह मंडल ने आरसीसी बॉक्स लॉन्च सहित किए 14 प्रमुख रेल अधोसंरचना कार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल द्वारा रेल अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। 06 जून को भागलपुर-मंदरहिल (बीजीपी-एमडीएलई) खंड में लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस-29) के लिए आरसीसी बॉक्स और स्लैब सेगमेंट का सफल प्रक्षेपण किया गया। इस दौरान 12 आरसीसी बॉक्स सेगमेंट और 11 बेस स्लैब लगाए गए। बाराहाट-मंदरहिल खंड में सुबह 09:05 बजे से शाम 16:05 बजे तक ब्लॉक लिया गया, जिसमें कार्य समय से पहले 15:45 बजे ही पूर्ण हो गया, जिससे रेल यातायात सुचारु रूप से पुनः शुरू हो सका। इस इंजीनियरिंग उपलब्धि के अलावा मालदह मंडल में व्यापक अनुरक्षण कार्य भी किए गए। हंसडीहा-नोनीहाट खंड में बैलास्ट की अनलोडिंग, बारापलासी-दुमका खंड में रेल प्रतिस्थापन और 9 वेल्डिंग कार्य, 1400



ट्रैक मीटर लंबी लंबी वेल्डेड रेल का डिस्ट्रेसिंग और बाराहाट-पंडेटोला खंड में थ्रू फिटिंग रिन्यूअल (टीएफआर) प्रमुख कार्यों में शामिल रहे। मंदरहिल स्टेशन पर भी 6 वेल्डिंग जॉइंट्स तैयार किए गए। मंदारहिल-हंसडीहा खंड में स्विच एक्सपेंशन जॉइंट का नवीनीकरण और 12 पेड़ों की कटाई की गई। साथ ही पुलों की मरम्मत, सिग्नल तथा प्वाइंट अनुरक्षण कार्यों को भी अंजाम दिया गया। बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) से 612 मीटर ट्रैक की सफाई और बैलास्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम) से 5 किमी ट्रैक पर कार्य हुआ। ट्रैक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु 800 मीटर जल निकासी नालियों की सफाई जेसीबी से की गई। मालदह मंडल की यह सफलता टीमवर्क, कुशल योजना और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

# पारिवारिक विवाद के चलते पति ने पत्नी की हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** पारिवारिक विवाद के चलते पति पर घर में घुसकर पत्नी की तलवार से हत्या करने का आरोप लगा है। घटना के बाद से आरोपी पति फरार है। घटना नदिया के धानतला थाना क्षेत्र के हुदा, दत्तपुलिया में हुई। सूचना मिलने पर धानतला थाना पुलिस मौके पर गई और शव को बरामद किया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपी शरीकुल मंडल धानतला थाने के दत्तपुलिया पंचायत के हुदा गांव का रहने वाला है। रविवार की सुबह उसकी पत्नी का खून से लथपथ शव उसके घर के अंदर से बरामद हुआ। उसके सिर पर धारदार हथियार से गहरा घाव था। जमीन खून से लथपथ थी। शरीकुल नहीं मिला। शुरुआत में लगा कि उसने ही अपनी पत्नी के सिर पर तलवार से बार किया और भाग गया। स्थानीय लोगों और मृतका के पिता के घर के लोगों ने



आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। कथित तौर पर, रविवार की सुबह मृतका की साली उसके घर गई थी। इस बात को लेकर पति का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था। उसके बाद शरीफुल ने बेरहमी से अपनी पत्नी की हत्या की योजना बनाई। पड़ोसियों का दावा है कि शरीफुल ने पहले अपनी पत्नी को छत पर बुलाया और उसे धक्का देकर मार डालने की कोशिश की। लेकिन जब उसकी पत्नी को इसका एहसास हुआ तो वह भागकर घर चली गई।

# एमसीकेवी इंजीनियरिंग संस्थान में आईआईएफ के छात्र अध्याय का शुभारंभ

### 'एमसीकेवीआईई के साथ आईआईएफ की साझेदारी छात्रों को नौंकरी, उद्योग सहयोग औंर इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगी'

**हावड़ा, समाज्ञा :** एमसीकेवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग (एमसीकेवीआईई) ने भारतीय फाउंड्रीमैन संस्थान (आईआईएफ) के सहयोग से अपने छात्र अध्याय का शुभारंभ किया। यह आयोजन आईआईएफ-ईस्टर्न रीजन और आईआईएफ-हावड़ा चैप्टर के सहयोग से कॉलेज कैंपस, लिलुआ में हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईआईएफ के पूर्व अध्यक्ष द्वय रवि सहगल और विजय शंकर बेरीवाल, विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अभिषिक्ता रायचौधुरी (आचार्या), कार्यकारी निदेशक - आईआईएफ; प्रदीप कुमार मढ़ोगड़िया, मानद सचिव - आईआईएफ, और शेखर चटर्जी, अध्यक्ष - आईआईएफ हावड़ा चैप्टर शामिल थे। कार्यक्रम




की शुरुआत गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी अतिथियों का स्वागत एमसीकेवीआईई के प्राचार्य डॉ. अभिजीत लाहिरी और एमसीकेवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ट्रस्टी सदस्य अभय केजरीवाल ने किया। उद्घाटन भाषण में शेखर चटर्जी ने छात्रों में जिज्ञासु मानसिकता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया और उन्हें इंटरैक्टिव लर्निंग में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अभय केजरीवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए संस्थान की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. अभिषिक्ता रायचौधुरी (आचार्या) ने आईआईएफ की 75 वर्षों की विरासत का वर्णन करते हुए उसकी नीतिगत सक्रियता, कार्यशालाओं और उद्यमिता पहलों के माध्यम से कौशल उन्नयन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। विजय शंकर बेरीवाल ने भारत की फाउंड्री इंडस्ट्री के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कोरिया में महिलाओं की फाउंड्री उद्योग में भागीदारी का उदाहरण देते हुए भारत में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता जताई। मुख्य अतिथि रवि सहगल ने अपने इंजीनियरिंग अनुभव साझा करते हुए बताया कि डिज़ाइन थिंकिंग और इसका अनुप्रयोग मैन्युफैक्चरिंग इनोवेशन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में एक इंटरेक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए। अंत में, प्राचार्य डॉ. अभिजीत लाहिरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्थान की उद्योग और शिक्षा के बीच पुल का कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# जय मां काली के जयकारों से गूंजा वार्ड 42

**कोलकाता, समाज्ञा :** वार्ड 42 के पार्षद महेश शर्मा की पहल पर रविवार को सैकड़ों नागरिकों ने कोलकाता के प्रसिद्ध शक्तिपीठ कालीघाट मंदिर में मां काली के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस पूरे आयोजन के दौरान जय मां काली के जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक उत्साह से भर उठा। ज्ञात हो कि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में हाल ही में कालीघाट मंदिर का सौंदर्यीकरण और स्काईवॉक का निर्माण हुआ, जिससे भक्तों की सुविधा में आश्चर्यजनक सुधार आया है।

पार्षद महेश शर्मा ने न केवल इस विकास कार्य की सराहना की, बल्कि इसे वार्ड के नागरिकों को साक्षात रूप से अनुभव कराने की प्रेरणादायक पहल की। दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण पार्क के समीप आयोजित मिलन



समारोह में भाग लिया, जहां परंपरागत अल्पाहार के साथ आपसी संवाद और सौहार्द्र का दृश्य देखने लायक था। इस भव्य आयोजन में कालीघाट क्षेत्र के स्थानीय पार्षद प्रबीर कुमार मुखोपाध्याय भी उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम की सफलता में वार्ड की महिला एवं 42 के सभी तृणमूल कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। यह आयोजन ना सिर्फ एक धार्मिक यात्रा था, बल्कि वार्डवासियों में एकता और सामूहिक भावना को भी सुदृढ़ करने का उदाहरण बन गया। पार्षद महेश शर्मा की यह पहल उनके दूरदर्शी नेतृत्व और समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# इवेंट मैनेजमेंट के नाम पर अश्लील वीडियो के मामले में पुलिस ने जांच शुरू की

❑ फरार आरोपी मां-बेटे की तलाश में जुटी पुलिस

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के डोमजुड़ में एक महिला को अश्लील फिल्म में काम करने से इनकार करने पर कथित तौर पर अपने घर में बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट करने वाले मां-बेटे की जोड़ी को पकड़ने के लिये पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी है। बैरकपुर पुलिस आयुक्त कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 23 वर्षीय पीड़िता उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर की निवासी है तथा उसका 'कॉलेज ऑफ मेडिसीन एंड सागोर



हॉस्पिटल' में इलाज चल रहा है। हावड़ा सिटी पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला और उसका बेटा फरार हैं एवं उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या दोनों 'इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी' चलाने की आड़ में कोई अश्लील फिल्म रैकेट चला रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी महिला अपने बेटे के साथ मिलकर एक फिल्म प्रोडक्शन हाउस भी चला रही थी, जहां 'सॉफ्ट पोर्नोग्राफिक रील्स (अश्लील रील)' की शूटिंग की जाती थी। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि वे नौकरी की तलाश कर रही युवतियों को अच्छे वेतन का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते थे और फिर उन्हें अश्लील सामग्री वाली फिल्मों में काम करने के लिए मजबूर करते थे। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला कथित तौर पर इलाके में सेक्स रैकेट भी चला रही थी तथा इसकी भी जांच की जा रही है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बेटे से ज्यादा उसकी मां उसे डोमजुड़ स्थित अपने घर में 'बंधक रखने' के दौरान प्रताड़ित करती थी। उसने कहा कि मैं चाहती हूं कि पुलिस उस महिला को गिरफ्तार करे। वह मुझे सबसे ज्यादा प्रताड़ित करती थी। वह मुझे पीटती थी और उसका बेटा दूर से यह सब देखता रहता था। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, पीड़िता पिछले साल फेसबुक के माध्यम से हावड़ा के डोमजुड़ निवासी इस व्यक्ति के संपर्क में आयी। इस व्यक्ति ने उसे घर आने पर काम दिलाने का वादा किया था। महिला के माता-पिता ने खड़दह थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि जब वह (उनकी बेटी) नौकरी के बारे में चर्चा करने के लिए उसके डोमजुड़ स्थित आवास पर गई, तो युवक ने अपनी मां के साथ मिलकर उसे बार डांसर के धंधे में उतारने में विफल रहने पर उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की और उसे घरेलू काम करने के लिए मजबूर किया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि दोनों आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया।

## लिलुआ में देर रात सड़क हादसों का कहर, दो युवकों की मौत

❑ गुस्साई भीड़ ने की चालक की पिटाई

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ क्षेत्र में रविवार देर रात दो अलग-अलग सड़क हादसों ने इलाके में सनसनी फैला दी। इन दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। हादसों के बाद गुस्साई भीड़ ने एक ट्रक चालक और खलासी की पिटाई कर दी, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया। पहली दुर्घटना रात करीब 11 बजे 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोल्डमैन फैक्ट्री के पास हुई, जहां एक अज्ञात वाहन ने लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति को कुचल दिया। वाहन मौके से फरार हो गया और व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं, लगभग उसी समय दूसरी घटना बनारस रोड पर घटी। दस चक्के वाले एक ट्रक ने सड़क किनारे चल रहे 47 वर्षीय दिनेश साहनी को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर




पड़े और मौके पर ही उनकी जान चली गई। मृतक दासनगर थाना क्षेत्र के निवासी थे।

दिनेश साहनी की मौत की खबर फैलते ही स्थानीय लोग उग्र हो गए। गुस्साई भीड़ ने ट्रक चालक और खलासी को पकड़कर बुरी तरह पीटा। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि लिलुआ थाने की पुलिस को भारी बल के साथ मौके पर पहुंचना पड़ा। पुलिस को भीड़ को हटाने और घायल चालक व खलासी को बचाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजने के बाद हिरासत में ले लिया है। वहीं, घातक ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है। कोल्डमैन फैक्ट्री के पास हुए पहले हादसे के फरार वाहन की तलाश की जा रही है। दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी गई है।

## प्रेमी के साथ मिलकर सोते हुए पति की हत्या, सुबह बताया 'हार्ट अटैक'... कटवा में सनसनी

**पूर्व बर्दवान :** प्यार के जुनून में रिश्तों का खून! पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान जिले के कटवा थाना अंतर्गत आमूल गांव में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर रात में सोते हुए पति की हत्या कर दी। घटना के बाद वह बिल्कुल सामान्य भाव से सुबह पड़ोसियों को बताने लगी कि पति की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। हालांकि, मृतक के शरीर पर चोट के निशान देखकर सच्चाई सामने आ गई। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक का नाम महादेव दास (उम्र लगभग 38 वर्ष) है। नौ साल पहले उसका विवाह मिता दास से हुआ था, जो मंगलकोट



थाना क्षेत्र के बाजार बंकापासी गांव की रहने वाली है। दंपति के दो छोटे बच्चे भी हैं।

रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे मिता ने सास को जगाकर बताया कि महादेव की तबीयत बहुत खराब है और वह कुछ प्रतिक्रिया नहीं दे रहे। शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा हुए, तब महादेव का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। शरीर पर कई चोटों के निशान देख लोगों को संदेह हुआ और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मिता का एक युवक से प्रेम संबंध था, जिसे वह रात में घर बुलाकर महादेव की हत्या करवा बैठी। हत्या के बाद वह आराम से अपने कमरे में जाकर सो गई और सुबह झूठी कहानी बनाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की।

फिलहाल पुलिस ने मिता को हिरासत में लिया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। आरोपी प्रेमी की तलाश भी जारी है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

## श्रीरामपुर में बिजली के केबल में लगी आग, दमकल ने पाया काबू



❑ बिजली विभाग की लापरवाही से लोगों में रोष

**हुगली :** जिले के श्रीरामपुर नगरपालिका के 29 नंबर वार्ड में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब टीचर्स कॉलोनी के सामने, कुसुम फैक्ट्री की परित्यक्त बाउंड्री के पास स्थित वेस्ट बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ट्रांसफार्मर से जुड़े केबलों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पास के अन्य केबलों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। कुछ स्थानीय युवकों ने बालू डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना तुरंत श्रीरामपुर स्टेशन मैनेजर को दी गई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिजली विभाग की टीम शीघ्र पहुंचेगी लेकिन करीब एक घंटे तक इंतजार के बावजूद कोई नहीं आया, तब दमकल विभाग, रिसड़ा को सूचित किया गया। दमकल अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाया।हालांकि, बिजली विभाग का कोई कर्मचारी घटना के ढाई घंटे बाद तक भी नहीं पहुंचा, जबकि दमकल अधिकारी एक घंटे तक उनके आने का इंतजार करते रहे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही से कोई बड़ा हादसा हो सकता था, खासकर यह इलाका जनसंख्या से घना है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि अगर यह घटना दिन के समय होती तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। आए दिन बिजली की समस्याओं से जूझ रहे लोगों में विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है। बिजली विभाग का स्पष्टीकरण:

बिजली विभाग की ओर से बताया गया कि उपकरणों की कमी और संसाधनों की सीमितता के कारण कर्मचारियों को एक ही वाहन से अलग-अलग स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे समय लगता है। घटना के बाद से स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि बिजली विभाग अपनी व्यवस्था में सुधार करे, अतिरिक्त संसाधन और कर्मी तैनात किए जाएं, ताकि ऐसी आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### हावड़ा में बहुमंजिला इमारत में लगी आग, मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी

हावड़ा, समाज्ञा

हावड़ा के जगतबल्लभपुर थाना क्षेत्र के बड़गाछिया इलाके की एक बहुमंजिला इमारत में आग लग गई। आग इमारत की चौथी मंजिल पर भड़की, जहां कई निवासी फंसे हुए हैं। खबर मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, साथ ही जगतबल्लभपुर थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और तेजी से राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। प्राथमिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि गैस सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण आग लगी। जिसके बाद आग फैलते गई। घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

## हथियार दिखाकर नाबालिका के अपहरण की कोशिश, आरोपी युवक गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर के दक्षिणबाड़ी महिषनाला इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां एक युवक पर नाबालिका को हथियार दिखाकर डराने और अपहरण की कोशिश करने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, महिषनाला इलाके में रहने वाली करीब 10 साल की एक नाबालिका अपने मामा के घर से लौट रही थी। तभी शनिवार शाम को रास्ते में एक सुनसान जगह पर एक युवक ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि उसने धारदार हथियार दिखाकर लड़की को डराने की कोशिश की और उसका अपहरण करने की भी कोशिश की। नाबालिका जोर-जोर से चिल्लाने



लगी, जिसकी आवाज सुनकर आस-पास के लोग बाहर निकल आए। स्थिति को भांपते हुए युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। फिर उसकी जमकर पिटाई की गई। घटना की सूचना डोमजूर थाने को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर थाने ले गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। इस मामले की जांच जारी है।

## दोस्ती के साथ किया धोखा, फिर दोस्त की पत्नी को लेकर भागा! फिर हुआ खून : विश्वासघात का दर्दनाक अंजाम

**कोलकाता :** दोस्त की पत्नी के साथ प्रेम संबंध और फिर उसे लेकर फरार! इस 'विश्वासघात' का अंजाम भयावह रूप ले लिया जब पीड़ित पति ने शनिवार की रात अपने 'दोस्त' पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले हाबड़ा अस्पताल और फिर आर.जी. कर अस्पताल में रेफर किया गया।

पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, घायल युवक का नाम सौमित्र सरकार (50 वर्ष) है और वह हुगली जिले के श्रीरामपुर का निवासी है। सौमित्र की दोस्ती उत्तर 24 परगना के गायघाटा थाना अंतर्गत बी.एम. पल्ली इलाके के निवासी सुशांत पाल (47 वर्ष) के



साथ कई वर्षों से थी।

दोस्ती के चलते सौमित्र का अक्सर सुशांत के चांदपाड़ा स्थित घर में आना-जाना लगा रहता था। इस दौरान उसने गुपचुप तरीके से सुशांत की पत्नी देविका के साथ प्रेम संबंध बना लिया। करीब पांच महीने पहले वह देविका को लेकर फरार हो गया और हाबड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 24 के मध्य हरिया पद्मापल्ली इलाके में संजय दास के मकान में दोनों ने नया घर बसा लिया।

जब सुशांत को इसकी भनक लगी, तब उसने शनिवार रात उस घर पर धावा बोला। बताया जा रहा है कि कहासुनी के बीच सुशांत ने सौमित्र पर धारदार चाकू या चॉपर से वार कर दिया, जिससे सौमित्र के गर्दन पर गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों ने उसे हाबड़ा अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसकी गर्दन पर चार टांके लगाए गए। बाद में उसकी हालत गंभीर होने पर उसे आर.जी. कर अस्पताल भेजा गया।

हमले के बाद से आरोपी सुशांत फरार है। हाबड़ा थाना पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।

## गंगा में स्नान के दौरान डूबे व्यापारी सुरेंद्र साहानी का शव 22 घंटे बाद चांपदानी घाट से बरामद

**हुगली :** शनिवार सुबह गंगा में स्नान के दौरान लापता हुए व्यवसायी सुरेंद्र साहानी का शव 22 घंटे बाद रविवार सुबह चांपदानी घाट से बरामद हुआ। शव मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजन और स्थानीय लोग रो-रोकर बेहाल हो उठे।

सुरेंद्र साहानी इलाके में एक प्रसिद्ध और सम्मानित व्यवसायी थे। वह रोजाना सुबह दौड़ लगाते थे और फिर पुराना लंचघाट इलाके में गंगा में स्नान करते थे। शनिवार को भी वह रोज की तरह गंगा में उतरे थे, लेकिन अचानक पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके।

स्थानीय प्रशासन और गोताखोरों द्वारा लगातार खोजबीन के बाद रविवार सुबह चांपदानी घाट से उनका शव बरामद किया गया।

परिवार वालों के मुताबिक, नवंबर महीने में सुरेंद्र साहानी की बेटी की शादी तय थी और उसकी तैयारियाँ जोरों पर थीं। शुक्रवार को ही शादी के लिए लॉज बुक किया गया था। ऐसे समय पर घर में यह दुखद घटना परिवार के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं।

परिवार के आर्थिक मामलों की पूरी ज़िम्मेदारी सुरेंद्र साहानी के कंधों पर ही थी, जिससे अब भविष्य को लेकर भी असमंजस की स्थिति बन गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## तेज रफ्तार का कहर: पलभर में मौत, दो युवकों की मौके पर ही मौत, दो गंभीर रूप से घायल

### हाड़ोआ में दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना

**कोलकाता :** शनिवार को हाड़ोआ थाना अंतर्गत आठघड़ा-बटतला इलाके में एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।




स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक सड़क पर दूर तक छिटक गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस हादसे में 20 वर्षीय आरिफ मिस्त्री और 18 वर्षीय आकाश मोल्ला की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक देगंगा थाना अंतर्गत फूलतला चांदपुर इलाके के रहने वाले थे।

स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से चारों को तुरंत हाड़ोआ ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। वहां से घायलों को बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों बाइकों की रफ्तार बहुत तेज थी और टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर खून बिखर गया और चारों युवक बुरी तरह जख्मी हो गए।

फिलहाल हाड़ोआ थाना पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसा कैसे हुआ।

घटना ने फिर से तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के खतरों की याद दिला दी है।

## अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ने मायण भाषा सीखने के लिए शुरू किया कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा मायण भाषा सीखने के लिए 'आओ मायड़ भाषा सीखा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रयास का मुख्य उद्देश्य है मारवाड़ी सुनने एवं बोलने की क्षमता विकसित करना, मारवाड़ी पहचान एवं संस्कृति पर गर्व करना, कहानियां, खेल, गीत एवं कला के जरिए आनंददायक शिक्षा देना। इस कार्यक्रम के जरिए परिवार, घर, रंग, जानवर, संख्याएं, पारंपरिक पोशाक एवं आभूषण, व्यापार एवं पैसे की बातचीत के विषय में जानकारी दी जाएगी। कक्षाएं प्रत्यक्ष एवं जूम पर आयोजित होगी। निर्देशक तपन गाड़ोदिया एवं शिक्षक के रूप में डॉ. पिंकी सेखानी अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम की प्रारंभ में ही देश के अनेक शहरों से शिक्षार्थी ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री संजय गोयनका एवं पवन जालान, डॉ. विजय केजरीवाल, अनिल मलावत एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## दहेज के लिए अत्याचार! शादी के तीन महीने के भीतर ससुराल में मिली नवविवाहिता की लाश

**कोलकाता :** शादी को हुए थे मात्र तीन महीने, लेकिन इसी छोटी-सी अवधि में ससुराल वालों की लालच ने एक नवविवाहिता की जान ले ली। मृतका का नाम तंजिला खातून है, जिसकी लाश रविवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट उपखंड के बारोमेशिया गांव स्थित ससुराल से बरामद हुई। ससुराल पक्ष का दावा है कि उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, लेकिन मायके वालों का आरोप है कि यह एक सुनियोजित हत्या है।

मृतका के मायके वालों ने बताया कि तंजिला का प्रेम-संबंध आजहरुद्दीन मोल्ला नामक युवक से था। दोनों परिवारों की सहमति से करीब तीन महीने पहले उनकी शादी हुई थी। लेकिन शादी के तुरंत बाद से ही ससुराल वाले तंजिला पर दहेज



के लिए मानसिक और शारीरिक अत्याचार करने लगे। उसे बार-बार मायके से पैसे लाने के लिए दबाव डाला जाता था।

मायके वालों ने दावा किया कि उन्होंने पहले भी कुछ पैसे दिए थे ताकि बेटी को शांति मिले, लेकिन ससुराल वालों की मांगें खत्म नहीं हुईं। आरोप है कि तंजिला से 2 लाख रुपये दहेज के रूप में लाने की मांग की गई थी, जिसे मृतका का परिवार पूरा करने में असमर्थ था। पैसे न मिलने पर तंजिला के साथ बर्ताव और भी हिंसक हो गया।

मायके वालों का यह भी आरोप है कि शनिवार रात तंजिला को ससुराल में बुरी तरह पीटा गया था, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह परिजनों को फोन कर बताया गया कि तंजिला ने आत्महत्या कर ली है। खबर मिलते ही मायके वाले ससुराल पहुंचे और हाड़ोआ थाना को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतका के पति आजहरुद्दीन मोल्ला समेत पांच लोगों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

# संगठन ही समस्त समस्याओं का समाधान है : अभय महाजन

❑ आचार्य विष्णुकांत शास्त्री स्मृति व्याख्यानमाला

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनौतियां हमारी परीक्षा लेने के लिए सामने खड़ी हैं। मात्र सता परिवर्तन से देश का भला नहीं हो सकता। व्यक्ति परिवर्तन से ही समाज परिवर्तन संभव है। अत: वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्वत्व का जागरण, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य प्रभृति ऐसे पंच परिवर्तन हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में चरितार्थ कर समाज और राष्ट्र को उन्नत बना सकते है। ये उद्गार हैं दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन (चित्रकूट) के, जो श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय द्वारा स्थानीय भारतीय भाषा परिषद सभागार में रविवार 8 जून 2025 को आयोजित आचार्य विष्णुकांत शास्त्री स्मृति व्याख्यानमाला के बीसवें आयोजन के अंतर्गत बदलते राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में पंच




परिवर्तन की प्रासंगिकता' विषय पर बतौर प्रधान वक्ता बोल रहे थे।

श्री महाजन ने कहा कि स्व' जागरण से अपने पुरुषार्थ को जाग्रत करना चाहिए, स्वदेशी' से जीवन में आत्मगौरव का आभास होगा, सामाजिक समरसता' प्रायोजित कार्यक्रमों से नहीं बल्कि सहभागिता से आयेगी। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण' की अनुकूलता से हमारे जीवन में शांति आयेगी और अधिकार नहीं कर्तव्य' के पालन से समाज विकसित होगा। अत: इन पंच परिवर्तनों को जीवन में अपनाने से ही न केवल राष्ट्र समृद्ध होगा बल्कि विगुरु का सम्मान पुन: प्राप्त कर सकेगा।

समारोह के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री शिशिर बाजोरिया ने कहा कि स्वदेशी ने एक बार फिर अपना पराक्रम दिखलाया जब ऑपरेशन सिंदूर के क्रम में भारतीय सेना ने मेक इन इंडिया के तहत बने आयुधों से आतंक की नाभि को निशाना बनाया। स्वाधीनता की शताब्दी से पूर्व भारत के एक विकसित राष्ट्र बन जाने का हमारा संकल्प अवश्य पूर्ण होगा।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयकर सलाहकार सज्जन कुमार तुलस्यान ने भारत के बदलते स्वरूप की ओर संकेत करते हुए व्यक्त किया कि भारत को एक आर्थिक महाशक्ति तो बनना ही है। एक दशक पहले हम दुनिया की ग्यारवीं आर्थिक शक्ति थे और आज तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे हैं। हम सभी को सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक और आर्थिक दृष्टि से संकल्पबद्ध होकर कार्य करना होगा।

कार्यक्रम के आरंभ में आचार्य विष्णुकांत शास्त्री द्वारा रचित गीत की सांगीतिक प्रस्तुति सुप्रसिद्ध गायक श्री ओम प्रकाश मिश्र ने दी। स्वागत भाषण दिया पुस्तकालय की साहित्य मंत्री डॉ. तारा दूगड़ ने तथा धन्यवाद ज्ञापन किया, पुस्तकालय के मंत्री बंशीधर शर्मा ने। कार्यक्रम का कुशल संचालन कुमारसभा के अध्यक्ष महावीर बजाज ने किया। अतिथियों को अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया।

सर्वश्री अरुण प्रकाश मल्लावत, नंदकुमार लढ़ा, मोहनलाल पारीक ने। समारोह में सर्वश्री महावीर प्रसाद रावत, रामावतार बीजराजका, अभिषेक चमरिया, डॉ. भुवनेर शर्मा, ललित तोदी, कमल बेरीवाल, गोविंदराम ढाणेवाल, सचिन मित्तल, डॉ. बिन्देरी सिंह, पार्षद विजय ओझा, आचार्य राकेश पांडेय, अजयेंद्रनाथ त्रिवेदी, बुलाकीदास मिमाणी, शशि-पवन अग्रवाल, महेश मोदी, रामानंद रुस्तगी, उमा-रायचंद सुराणा, स्नेहलता बैद, दुर्गा व्यास, राजीव शरण, मुकुंद राठी, दयाशंकर मिश्र, सीताराम तिवाड़ी, डॉ. कमल कुमार, ब्राह्मानंद बंग, सागरमल गुप्त, अजय चौबे, संजय रस्तोगी, डॉ. दीक्षा गुप्ता, तेज बहादुर सिंह, रामपुकार सिंह, इन्द्र नाहटा, शैलेष बागड़ी, देवव्रत माझी, विभाष मजूमदार, वीर बहादुर सिंह, भोला सोनकर, संजय मंडल, राजेश अग्रवाल लाला', प्रवीण बोथरा, प्रदीप सूंटवाल, रामचंद्र अग्रवाल एवं मदनलाल बोथरा आदि की गरिमामयी उपस्थिति से सभागार खचाखच भरा हुआ था। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री मनोज काकड़ा, भागीरथ सारस्वत, मनीष जैन, श्रीमोहन तिवारी, बृजेन्द्र पटेल एवं अरुण सिंह आदि सक्रिय थे।

## बारुईपुर में सनसनी: दो नाबालिग लड़कियों से यौन उत्पीड़न के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में एक किशोर पर दो नाबालिग लड़कियों को बांस के बगीचे में खेल के बहाने बुलाकर यौन उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगा है। इतना ही नहीं, किशोर ने दोनों नाबालिगों को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, एक नाबालिग लड़की घर लौटने के बाद अचानक बीमार पड़ गई और रोने लगी। जब उसने परिजनों को घटना के बारे में बताया, तो मामला सामने आया। दूसरी नाबालिग ने भी अपने परिवार को इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद दोनों नाबालिगों के परिजनों ने बारुईपुर थाने में शिकायत दर्ज की।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर तुरंत जांच शुरू की और आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी किशोर सातवीं कक्षा का छात्र है और बारुईपुर का ही निवासी है। नाबालिगों के परिजनों ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है, बल्कि इससे पहले भी इस किशोर ने उनकी बेटियों के साथ दुर्व्यवहार किया था।

दोनों नाबालिगों का मेडिकल परीक्षण बारुईपुर सब-डिविजनल अस्पताल में कराया गया है। परिजनों ने आरोपी किशोर के लिए कड़ी सजा की मांग की है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड: नदी में डूबे इंजीनियरिंग के दो छात्रों के शव एक दिन बाद बरामद किये गए

**जमशेदपुर :** झारखंड के जमशेदपुर में बड़ौदा घाट के पास एक दिन पहले नदी में डूबे इंजीनियरिंग के दोनों छात्रों के शव रविवार को बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर को नहाते समय दोनों छात्र फिसल गए और नदी में डूब गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के एक दोस्त को स्थानीय लोगों ने नदी से बचा लिया और उसे यहां एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

### उत्तर प्रदेश के बलिया में दो कारों की टक्कर में एक युवक की मौत, पांच अन्य घायल

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले में दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को नगरा क्षेत्र में बछईपुर गांव के पास नगरा-बलिया मार्ग पर हुई जब एक कार की सामने से रही एक अन्य कार से जोरदार टक्कर हो गई। उसने बताया कि दुर्घटना में अंबेश कुमार सिंह (45) नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पांच अन्य लोग भी घायल हुए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने बताया कि घायलों में से एक को गंभीर हालत के मद्देनजर वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार : भूमि विवाद में बदमाशों ने की गोलीबारी, पुलिस उपनिरीक्षक सहित तीन घायल

**पटना(बिहार) :** पटना के धनरुआ इलाके में रविवार को भूमि विवाद को लेकर बदमाशों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में पुलिस उपनिरीक्षक, उसका बेटा सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायल उपनिरीक्षक की पहचान मनोज सिंह के रूप में हुई है और वह सहरसा जिले में तैनात हैं। उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (मसौढ़ी) कन्हैया सिंह ने बताया, ''घटना पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे सेवती गांव में हुई...मनोज सिंह अपने बेटे और भतीजे के साथ इलाके में अपने भूखंड को देखने गए थे और उसे बेचने के लिए कीमत पर चर्चा कर रहे थे, तभी कुछ ग्रामीण वहां पहुंचे और दावा किया कि यह जमीन उनकी है। इसके बाद तीखी बहस हुई और कुछ ग्रामीणों ने उन पर गोली चला दी और फरार गए।'' सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गई। एसडीपीओ ने कहा, ''मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।''

### उत्तर प्रदेश: बांके बिहारी मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' के नाम पर वसूली के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में पुलिस ने वृन्दावन स्थित बांकेबिहारी मंदिर में वीआईपी (अति विशिष्ट व्यक्ति) दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से पैसे ऐंठने वाले फर्जी बाउंसर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) संदीप सिंह ने बताया कि ये लोग सोशल मीडिया पर 'माधव बाउंसर ग्रुप' के नाम से प्रचार करते थे कि वे भीड़ से बचाकर वीआईपी दर्शन की सुविधा प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी इसकी एवज में श्रद्धालुओं से रुपये वसूलते थे। अधिकारी ने बताया कि ये गिरोह मंदिर परिसर के भीतर तक श्रद्धालुओं को जबरन घुसाकर उन्हें दर्शन करवाता और इस पूरी प्रक्रिया की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करता था ताकि उन्हें अन्य ग्राहक भी मिलते रहें।

### कारगिल से विमान के जरिए कमांड अस्पताल लाए गए बीमार सैन्यकर्मी की जान बचाई गई

**चंडीगढ़ :** सेना की पश्चिमी कमान के चंडीमंदिर स्थित कमांड अस्पताल ने चिकित्सीय कुशलता का परिचय देते हुए एक जवान की जान बचाई जिसे कारगिल से गंभीर स्थिति में हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाया गया था। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। रविवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जवान को सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी और उसमें 'बाइलेटरल पल्मोनरी थ्रॉम्बोएम्बोलिज़्म' (दोनों फेफड़ों में खून के थक्के जमने) की पुष्टि हुयी। बयान के अनुसार, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरुषोत्तम के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने समय रहते जांच और आपातकालीन उपचार किया।

# वर्ष 2014 में पहली बार सरकार के राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बने किसान : योगी

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार किसान सरकार के राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बने और उनके लिये विभिन्न नवोन्मेषी योजनाएं लागू की गयीं। मुख्यमंत्री ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत औरैया में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, अन्नदाता किसान भी किसी सरकार के राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बन सकता है, यह आपको पहली बार वर्ष 2014 में देखने को मिला होगा, जब प्रधानमंत्री नरन्द्र मोदी ने 'सॉइल हेल्थ कार्ड' की व्यवस्था शुरू की थी। उन्होंने कहा, पहले कृषि वैज्ञानिकों के अलावा और कोई भी 'सॉइल हेल्थ कार्ड' के बारे में जानता ही नहीं था। उसके बाद प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई की योजना और फिर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना शुरू की गयी। आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान



निधि का लाभ देश के 12 करोड़ किसान प्राप्त कर रहे हैं। आदित्यनाथ ने यह भी कहा, अकेले उत्तर प्रदेश में ही अब तक अब तक दो करोड़ 86 लाख किसानों के खाते में 85 हजार करोड़ रुपए भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, वर्ष 2017 में हमने सबसे पहले 86 लाख किसानों का 36000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। इसके अलावा अब तक 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी गयी है। मुख्यमंत्री ने मक्का के लिये खरीद केन्द्र स्थापित करने का ऐलान करते हुए कहा, हम औरैया के किसानों को इस बात के लिए आश्वस्त करेंगे कि बहुत जल्द हम इसके लिए क्रय केंद्र स्थापित करके न्यूनतम समर्थन मूल्य की भी घोषणा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की 'डबल इंजन' की सरकार ने पहली बार कृषि विश्वविद्यालयों और आईसीआर के वैज्ञानिकों को उनके केंद्रों से निकालकर खेतों में भेजने का काम किया है। योगी ने कहा कि 'लैब टू लैंड' की इस प्रक्रिया को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'बीज से बाजार' तक अन्नदाता किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए चलायी जाने वाले अभियान का ही हिस्सा मानना चाहिये। उन्होंने पिछली सरकारों पर महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, पिछली सरकारें महापुरुषों का अपमान करती थीं। जनता के साथ मक्कारी करती थीं लेकिन 'डबल इंजन' की भाजपा सरकार मक्के की खेती के उत्पादन को बढ़ाती है। महापुरुषों का सम्मान करने का काम करती है। यही वजह है कि प्रदेश सरकार ने औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखा है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, याद करिए पिछली सरकारों के समय गुंडे और माफिया हावी हुआ करते थे।

### बाराबंकी में नेत्रहीन युवती के साथ एक नाबालिग किशोर ने दुष्कर्म किया, पुलिस ने पकड़ा

**बाराबंकी (उप्र):** आठ जून (भाषा) बाराबंकी जिले में फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 20 साल की नेत्रहीन युवती के साथ पड़ोस के एक नाबालिग किशोर ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना शुक्रवार की शाम की है, लेकिन यह मामला शनिवार देर शाम सामने आया। रविवार को पुलिस ने 16 वर्षीय आरोपी नाबालिग किशोर को बाल अपचारी के रूप में हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू की है। पीड़िता के पिता द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार घर के सभी लोग बाहर थे। इस दौरान किशोर घर में घुसा और उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने लगा। नेत्रहीन होने के कारण पीड़िता ने उससे बचने की कोशिश की और चिल्लाने लगी। शोरगुल सुनकर पड़ोसियों ने परिजनों को सूचना दी तो परिजन भी मौके पर पहुंच गए और किशोर को पकड़ लिया। फतेहपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डी के सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## अकालियों ने एसजीपीसी को 'शिरोमणि गोलक' कमेटी में तब्दील कर दिया: मुख्यमंत्री मान

**अमृतसर :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को अकाली नेताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने पैसे के लालच में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को 'शिरोमणि गोलक (दानपेटी) प्रबंधक कमेटी' में बदल दिया है। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए मान ने आरोप लगाया कि बादल परिवार ने धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए अपनी राजनीतिक शक्ति का 'दुरुपयोग' किया है, जिसमें 'अपने निजी हितों के अनुरूप अकाल तख्त के जत्थेदारों की नियुक्ति में हेरफेर करना' भी शामिल है। मान ने आरोप लगाया, 'वित्तीय उद्देश्यों के लिए अकालियों ने एसजीपीसी की शुचिता को कमतर किया है और संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए इसका और अकाल तख्त का दुरुपयोग किया है।' मुख्यमंत्री ने अकाली नेताओं पर सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त के निर्देशों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का भी आरोप लगाया, ताकि 'जनता




को धोखा दिया जा सके और अपने एजेंडे को पूरा किया जा सके।' मान ने कहा, 'अकालियों ने न केवल सरकारी खजाने को लूटा, बल्कि धार्मिक संस्थाओं के धन को भी लूटा। उनके कार्यकाल में राजनीतिक और धार्मिक शोषण की भरमार रही, जिससे पंजाब को काफी नुकसान हुआ।' उन्होंने कहा, 'अकाली नेतृत्व एक ऐसी विरासत का प्रतीक है जिसमें गरीबों की अनदेखी की गई, जबकि ताकतवर लोगों ने राज्य को बेरोकटोक लूटा।'

## नरेन्द्र मोदी सरकार के अधीन संवैधानिक निकायों को 'हाईजैक' कर लिया गया : तेजस्वी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को 'हाईजैक' करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा को तारीखों की घोषणा से पहले ही चुनाव कार्यक्रमों के बारे में पता चल जाता है। बिहार के उपमुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी ने यह भी दावा किया कि 2020 में हुए पिछले राज्य विधानसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं थे। उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों को लेकर गठबंधन सहयोगी एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए संदेह का समर्थन किया। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले राजग के केंद्र में सत्ता में आने के बाद से सभी संवैधानिक निकायों को 'हाईजैक' कर लिया गया है। यह काफी आश्चर्यजनक है



कि भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ को निर्वाचन आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा किए जाने से पहले ही पता चुनाव कार्यक्रम के बारे में चल जाता है। हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं।' उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्र रूप से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर वे प्रभावित होंगी तो लोग न्याय की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। राजद नेता ने कहा, 'लोगों को पता है कि 2020 में विधानसभा चुनाव में प्रदेश में क्या हुआ था। हम सरकार बनाने वाले थे। निर्वाचन आयोग ने शाम को मतगणना रोकने के कारणों को उचित ठहराने के लिए तीन बार संवाददाता सम्मेलन किया। लेकिन रात को इसे फिर से शुरू क्यों कर दिया गया। जिन महागठबंधन उम्मीदवारों को विजेता घोषित किया गया था, उन्हें बाद में हारा हुआ घोषित कर दिया गया।' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2024 के महाराष्ट्र चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था, जिसमें भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जीत हासिल की थी।

## राजस्थान: कई इलाके लू की चपेट में, गंगानगर में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**जयपुर :** राजस्थान के अधिकांश इलाके एक बार फिर लू की चपेट में हैं और गंगानगर में रविवार को अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने राज्य में भीषण गर्मी का दौर अभी जारी रहने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार, गंगानगर में रविवार को अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री, बीकानेर में 46 डिग्री, बाड़मेर में 45.9 डिग्री, चूरू में 45.6 डिग्री, फलोदी में 45.4 डिग्री, जैसलमेर में 45.2 और कोटा में 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, आने वाले एक सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग में 11 जून तक अधिकतम तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस रहने और कुछ स्थानों पर लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने बीकानेर संभाग और आसपास के इलाकों में आठ से 10 जून के दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज धूल भरी हवाएं चलने का अनुमान जताया है।



### झारखंड के गोड्डा में 17 वर्षीय लड़की के साथ 10 लोगों ने किया दुष्कर्म, अबतक आठ आरोपी गिरफ्तार

**गोड्डा :** झारखंड के गोड्डा जिले में शौच के लिए घर से बाहर गयी 17 वर्षीय आदिवासी लड़की के साथ 10 लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि शुक्रवार को सुंदर पहाड़ी थानाक्षेत्र में यह वारदात हुई जिसके सिलसिले में अबतक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। लड़की के बयान के हवाले से पुलिस का कहना है कि यह घटना उस समय हुई जब वह अपने रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने गई थी। वह शौच के लिए घर से बाहर निकली थी, तभी एक व्यक्ति ने उसे पकड़ लिया, उसके मुंह पर कपड़ा बांध दिया और उसे एक सुनसान जगह पर ले गया। पुलिस के मुताबिक लड़की के साथ कथित रूप से 10 लोगों ने बलात्कार किया। पीड़िता के परिवार ने आरोप लगाया कि मामले को दबाने के लिए शनिवार को स्थानीय पंचायत बुलायी गयी थी। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने कहा, 'पीड़िता के परिवार ने रविवार को 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बाकी दो आरोपियों की तलाश जारी है।' उन्होंने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है।

## राजस्थान में बिजली वितरण ढांचा चरमराया: पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

**जयपुर:** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बिजली कटौती को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि बिजली वितरण का ढांचा चरमरा गया है। वहीं राज्य के ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने गहलोत के बिजली कटौती के दावों को खारिज कर दिया। गहलोत ने 'एक्स' पर कुछ पंक्तियों के जरिए इस मुद्दे को उठाया, 'तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं ये दावा किताबी है।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान में सरकार बनने का एक वर्ष पूरा होने पर जोर शोर से प्रचार किया गया कि राजस्थान अब बिजली में 'सरप्लस स्टेट' हो गया है लेकिन जैसे ही गर्मी बढ़ने लगी गांव-शहर हर जगह बिजली कटौती शुरू हो गई।' कांग्रेस नेता के अनुसार, 'सरप्लस स्टेट' में बिजली कटौती का सीधा अर्थ सरकार का कुप्रबंधन है। राजस्थान में बिजली वितरण का ढांचा चरमरा गया है जिससे आमजन त्रस्त हो गया है।' वहीं ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए



वह झूठे 'ट्वीट' करके लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। मंत्री ने एक बयान में दावा किया कि पिछली कांग्रेस सरकार के अदूरदर्शी निर्णयों से पिछली गर्मी में राज्य की जनता को परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया, गहलोत सरकार के कुप्रबंधन के कारण हमें पिछली गर्मी में लगभग 1000 मेगावाट बिजली रोजाना खरीदनी और लौटानी पड़ी। बिजली के कुप्रबंधन के साथ जिस तरह का तंत्र पिछली कांग्रेस सरकार ने हमें दिया वह किसी से छिपा नहीं है। नागर ने कहा कि इस बार की गर्मी में जनता को बिजली को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई लेकिन कुछ जगह पूर्व सूचना के साथ ही बिजली काटी गयी।

### सहारनपुर में सड़क पार करते समय 'कैंटर' की चपेट में दो मासूम बहनों की मौत

**सहारनपुर (उप्र):** आठ जून (भाषा) सहारनपुर जिले के बेहट थाना क्षेत्र में रविवार शाम आम से भरे एक 'कैंटर' की चपेट में आने से दो मासूम बहनों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आज इल्ताफ की दो बेटियां मतंशा (सात) और सना (पांच) जब सडक पार कर रही थीं, तभी आम से लदे एक कैंटर (ट्रक) ने दोनों को कुचल दिया, जिससे मंतशा की मौके पर मौत हो गई जबकि सना को गम्भीर हालत में प्राथमिक स्वास्थय केन्द भर्ती कराया। जैन के अनुसार वहां से भी सना को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, लेकिन उसने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इल्ताफ का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है जो मिर्जापुर कस्बे में गोल्डन पैलेस के पास झोपड़ी में रहता है तथा भीख मांगकर अपना भरण-पोषण करता है।

# बिहार की जनता तय करेगी कि मुझे कहां से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए: चिराग पासवान

**आरा (बिहार) :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि इस साल के उत्तरार्द्ध में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में उन्हें किस सीट से चुनाव लड़ना चाहिए, यह बिहार की जनता को तय करना है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने भोजपुर जिले के आरा में एक रैली में यह बयान दिया। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले गढ़े गए अपने एक पुराने नारे को याद करते हुए चिराग ने कहा, 'मैं बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। मैं बिहार और उसके लोगों के लिए चुनाव लड़ूंगा। मैं रामविलास पासवान का बेटा हूं। मैं अपने पिता के सपनों को साकार करूंगा और राज्य को बदलने के उद्देश्य से 'बिहार प्रथम, बिहारी पहले' के लिए काम करूंगा।' उस समय वह अपने पिता द्वारा स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। बाद में पार्टी विभाजित हो गई और निर्वाचित आयोग ने उनके और उनके चाचा पशुपति नाथ पारस के नेतृत्व वाली पार्टी के गुटों को नए नाम और प्रतीक आवंटित किए। चिराग (42) हाजीपुर से सांसद




हैं। चिराग ने कहा, ''आगामी विधानसभा चुनाव में मुझे राज्य की किस सीट से चुनाव लड़ना चाहिए, यह बिहार के लोगों को तय करना है। जब भी मैं कोई राजनीतिक फैसला लेता हूं, तो राज्य और उसके लोगों के हित में लेता हूं।'' ऐसा माना जाता है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में पासवान की बगावत के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) को कई सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। जद(यू) अभी भाजपा की सहयोगी पार्टी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अनारक्षित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की उनकी योजना को मुख्यमंत्री पद की दौड़ या महत्वाकांक्षा से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं। मेरे चुनाव लड़ने से मेरी पार्टी का 'स्ट्राइक रेट' बेहतर होगा, जिससे राष्ट्रीय जनतांत्रिकगठबंधन (राजग) को मदद मिलेगी।'' 'स्ट्राइक रेट' से आशय कुल सीट जिस पर पार्टी ने चुनाव लड़ा है, उसके सापेक्ष जीती गई सीट की संख्या के प्रतिशत से है। अपने चाचा पशुपति नाथ पारस का नाम लिए बगैर चिराग पासवान ने कहा, 'मैं अपने पिता के निधन के गम से उबर रहा था। मुझे गर्व है कि मैंने शेर के बच्चे की तरह लड़ाई लड़ी। मेरे अपने परिवार के सदस्यों ने मेरे पिता के निधन के तुरंत बाद अपने दांत दिखाने शुरू कर दिए थे। यह बिल्कुल स्पष्ट था कि उन्होंने यह सब अपनी महत्वाकांक्षाओं के कारण किया।' उन्होंने कहा, 'लोगों ने मुझे तोड़ने की कोशिश की। मैं रामविलास पासवान का बेटा हूं और मुझे तोड़ा नहीं जा सकता।

## न्यूज अपडेट

### वाराणसी में ट्रेनों में बम होने की झूठी सूचना देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी (उप्र):** आठ जून (भाषा) राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने काशी एक्सप्रेस और कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना देकर अपहवाह फैलाने के आरोपी व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजौल नागर ने बताया कि दो जून को काशी एक्सप्रेस और कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बम की सूचना मिलने के बाद जंघई स्टेशन पर दोनों ट्रेन को रोककर सघन जांच करायी गयी थी, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा और रेल यातायात प्रभावित हुआ था। उन्होंने कहा कि इसको लेकर जीआरपी ने भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में आरोपी का नाम सामने आया। नागर ने बताया कि घटना के आरोपी राजेश शुक्ला को रविवार को वाराणसी के प्लेटफॉर्म नंबर 10 के ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उसका मोबइल भी जब्त कर लिया गया।

### मथुरा में गोवंश के अवशेष मिलने के बाद 24 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में पुलिस ने बरसाना रोड स्थित ईदगाह के समीप गोवंश के अवशेष मिलने के बाद 24 लोगों को नामजद और 50 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बरसाना रोड स्थित ईदगाह के समीप शनिवार को गोवंश के अवशेष मिलने से तनाव फैल गया। पुलिस ने बताया कि वहीं मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे की 'सर्विस लेन' पर गोवंश का जला हुआ शव मिलने से हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भड़क गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया, शनिवार देर शाम ईदगाह के पास गोवंश के अवशेष मिले थे। जिसकी सूचना मिलते ही गोरक्षक दल के सदस्य और स्थानीय हिन्दू संगठनों के लोग मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। उन्होंने बताया, हम रात में ही मौके पर पहुंच गए। लोगों को समझा कर शांत कराया और गौरक्षक धीरज कौशिक की शिकायत पर 24 लोगों के खिलाफ नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे मांस के टुकड़े डालने वालों की तलाश की जा रही है।

### उत्तर प्रदेश: घरेलू विवाद में पति का गला रेतकर हत्या का प्रयास, पत्नी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में घरेलू विवाद में पति की गला रेतकर हत्या करने के प्रयास में पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कोतवाली थानाक्षेत्र के मनिहारा मोहल्ले में रहने वाली सुमैया ने शनिवार रात को सोते समय अपने पति खुर्शीद की गला रेतकर हत्या करने का प्रयास किया। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) वीरेंद्र कसाना ने यहां संवाददाताओं को बताया कि घायल खुर्शीद को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। इस बीच पुलिस ने मामला दर्ज कर सुमैया को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, सुमैया की शादी आठ वर्ष पहले खुर्शीद से हुई थी लेकिन बाद में पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। पुलिस ने बताया कि सुमैया ने घर में सो रहे खुर्शीद के गले पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी जान लेने की कोशिश की।

### वीआईपी और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए उच्च तकनीक सुरक्षा और रोबोटिक निगरानी पर विचार

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार विधानभवन समेत प्रमुख प्रतिष्ठानों और अति विशिष्ट लोगों (वीआईपी) को रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) खतरों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए उन्नत तकनीक खरीदने की योजना बना रही है। प्रदेश सरकार संसद के सुरक्षा प्रोटोकॉल से सबक लेते हुए बहु-स्तरीय सुरक्षा तंत्र तैयार करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और 'इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' (ईसीआईएल) जैसी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। इस सिलसिले में जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि डीआरडीओ, ईसीआईएल, राज्य पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों और राज्य व राष्ट्रीय आपदा मोचन प्राधिकरणों के साथ बातचीत की जा रही है। इस योजना में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) की भी अहम भूमिका है। एक अधिकारी ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इस प्रणाली का उपयोग वीआईपी और वी-वीआईपी सुरक्षा के साथ-साथ राज्य भर में विभिन्न स्थलों पर उच्च स्तरीय अधिकारियों व मंत्रियों और कार्यक्रमों के दौरान किया जाएगा। उन्होंने बताया, यह अमेरिका या फ्रांस जैसे देशों की तकनीक पर आधारित होगा। प्रस्तावित सीबीआरएन प्रणाली खासकर पाकिस्तान के साथ हालिया तनावों के मद्देनजर आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

## बसपा आईटी प्रकोष्ठ के नाम पर 'व्हाट्सऐप ग्रुप' बनाने की अपील पूरी तरह भ्रामक: आकाश आनन्द

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनन्द ने रविवार को आगाह किया कि पार्टी का कोई आईटी प्रकोष्ठ नहीं है और 'बसपा आईटी सेल' के नाम पर व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने की अपील पूरी तरह भ्रामक है। आकाश आनन्द ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, साथियों, पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया मंचों पर 'बसपा आईटी सेल' के नाम से 'व्हाट्सऐप ग्रुप' बनाने की अपील की जा रही है, जिसके लिए आपके नंबर सहित बाकी निजी जानकारियां मांगी जा रही हैं। उन्होंने कहा, हैरानी की बात यह है कि इनमें कुछ मंच मेरे नाम को भी जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो पूरी तरह से भ्रामक और असत्य है। मायावती के भतीजे आनन्द ने कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं, बहुजन समाज पार्टी में 'आईटी सेल' जैसी कोई संस्था या व्यवस्था मौजूद नहीं है। बसपा, एक मिशनरी आंदोलन है, जिसमें करोड़ों



समर्पित कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर पार्टी से जुड़े हैं और आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, मायावती जी ने हम सभी को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं कि पहले पार्टी की कमेटियों को मजबूत किया जाए, और फिर 'कैडर कैंप्स' के माध्यम से संगठन और आंदोलन को धार दी जाए। आनन्द ने कहा, हम बहनजी की इसी कार्यशैली को अपना आदर्श मानते हैं और विश्वास करते हैं कि 'कैडर कैंप' ही संगठन की असली ताकत हैं। पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम भी हम इन्हीं माध्यमों से करते हैं।

## उप्र: सरकार ने पिछले आठ वर्ष में वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई की 29 परियोजनाओं को पूरा किया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले आठ वर्ष में वृहद, मध्यम और लघु सिंचाई की 29 परियोजनाओं को पूरा किया है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, सरकार ने हर खेत को पानी पहुंचाने के संकल्प को साकार करते हुए पिछले आठ वर्षों में 29 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया है। बयान में बताया गया कि इन परियोजनाओं से प्रदेश के 43,53,850 किसानों को लाभ मिल रहा है जबकि 19,11,231 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई क्षमता में वृद्धि हुई है। बयान के मुताबिक, राज्य सरकार का यह कदम न केवल प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता को बढ़ाने वाला है बल्कि बाढ़ नियंत्रण और जल संरक्षण के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि है। बयान में बताया गया कि बाणसागर नहर परियोजना, लहचूरा बांध परियोजना, पहाड़ी बांध परियोजना, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना सहित सात वृहद सिंचाई परियोजनाओं से 30 से ज्यादा जिलों के 42,28,355 किसान लाभान्वित हो रहे हैं जबकि 18,41,932 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई क्षमता में वृद्धि हुई है। बयान के मुताबिक, पिछले आठ वर्ष में मध्यम श्रेणी की 16 और लघु सिंचाई से जुड़ी छह परियोजनाएं पूरी की गई हैं। बयान में बताया गया कि सरकार ने दशकों से अटकी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कर इन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ा, जिससे निगरानी, पारदर्शिता और कार्यक्षमता में वृद्धि हुई।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे, पहले की तरह मजबूत और आत्मविश्वास में नजर आ रहे प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ जून 2024 को जब तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी, तो उस वक्त राहुल गांधी बेहद उत्साहित नजर आये थे क्योंकि लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने से चूक गई थी, जबकि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उसने 543 सदस्यीय निचले सदन में 400 से अधिक सीट जीतने का दावा किया था। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद आलोचकों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता नीतीश कुमार पर निर्भरता को रेखांकित किया था। आलोचकों ने कहा था कि नायडू और कुमार का गठबंधन बदलने का इतिहास रहा है और उत्तर प्रदेश तथा



महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में लोकसभा चुनाव में इसका (भाजपा) प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा है, जिससे भविष्य में राजनीतिक उथल-पुथल की संभावना है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा था, ''हमने मोदी को मनोवैज्ञानिक रूप से खत्म कर दिया है। उनकी सरकार को जल्द ही सत्ता से हटा दिया जायेगा।'' सोमवार को मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ तथा कुल मिलाकर 11वीं वर्षगांठ मनायेगी और प्रधानमंत्री पहले की ही तरह मजबूत स्थिति में और पूरे आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करते नजर आ रहे हैं। वहीं, उनके दो प्रमुख सहयोगी (नायडू और कुमार), जिन्हें विपक्ष बैसाखी बता रहा था, न केवल भरोसेमंद साबित हुए हैं, बल्कि जमकर मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहे हैं। भाजपा ने अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच को नये सिरे से तैयार करने के लिए फिर से काम शुरू किया है और विधानसभा चुनावों में आश्चर्यजनक रूप से बड़ी जीत हासिल करके अपनी गति फिर से हासिल कर ली। लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन हरियाणा और महाराष्ट्र में उम्मीद से कम रहा था, लेकिन इस पार्टी ने अपने कल्याणकारी उपायों और क्षेत्रीय नेतृत्व के प्रयासों से स्थिति को बदल दिया और विधानसभा चुनाव में इन दोनों राज्यों में जीत हासिल की। भाजपा ने अंततः 26 वर्षों के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल की और अपने प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को पछाड़ दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और केजरीवाल जैसे अन्य भाजपा के प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से दूर हो गए हैं और शिव-सेना (उबाठा) और राकांपा (एसपी) जैसे दलों का भविष्य अनिश्चित है। दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर मनोज कुमार इस बात पर जोर देते हैं कि विपक्ष द्वारा मोदी के खिलाफ लड़ाई में विफल रहने के बावजूद मोदी के नेतृत्व की स्थिति लगभग निर्विवाद है।

## अतिक्रमण को लेकर अदालत के आदेशों की अवहेलना नहीं की जा सकती: रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि अधिकारी अदालतों द्वारा जारी किये गये ध्वस्तीकरण आदेशों की अव-हेलना नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने कहा कि विस्थापित निवासियों को आवास मुहैया कराया गया है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा दक्षिणी दिल्ली में बारापुला के निकट मद्रासी कैंप झुग्गी बस्ती को ढहाये जाने तथा शहर के अन्य भागों में इसी प्रकार के ध्वस्तीकरण अभियान की आलोचना के बीच आई है। आप ने गुप्ता पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों को हटाया गया है, उन्हें सुदूर नरेला में बुनियादी सुविधाओं से रहित मकान दिए गए हैं। वहीं पार्टी सांसद संजय सिंह और दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने रविवार को मद्रासी कैंप झुग्गी बस्ती के ध्वस्तीकरण स्थल का दौरा किया, जहां उन्होंने विस्थापित निवासियों से मुलाकात की और भाजपा पर अपना




हमला तेज किया। हैदरपुर क्षेत्र में एक झुग्गी बस्ती में जन सेवा शिविर के निर्माण के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, पिछले कुछ दिनों में अधिकारियों द्वारा मद्रासी कैंप आदि इलाकों में लगभग चार बार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है, जहां न्यायालय ने बारापुला नाले के पास अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा, किसी भी झुग्गी बस्ती को उसके निवासियों को स्थायी आवास उपलब्ध कराए बिना नहीं तोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि बारापुला नाले के पास अतिक्रमण के कारण इसकी चौड़ाई कम हो गई है, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि गाद निकालने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक थी। उन्होंने कहा, यदि न्यायालय ने मलिन बस्तियों के लिए कुछ आदेश दिया है तो न तो सरकार और न ही प्रशासन कुछ कर सकता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाराष्ट्र और मराठी मानुष के हित में किसी भी पार्टी के साथ आने के लिए तैयार: आदित्य

**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र और मराठी मानुष के हितों की रक्षा के लिए काम करने वाले किसी भी दल के साथ आने को तैयार है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच बढ़ती नज़दीकियों को लेकर अटकलें तेज़ हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मुंबई और महाराष्ट्र को 'निगलने' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र के साथ लगातार अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम लगातार यह बात कहते आ रहे हैं। हम किसी भी व्यक्ति या दल के साथ काम करने को तैयार हैं, जो महाराष्ट्र और मराठी मानुष के हित में काम करने को तैयार हो।'' मनसे और शिवसेना (उबाठा) के संभावित गठबंधन पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''बदलाव लाना हमारी जिम्मेदारी है। जो भी पार्टी महाराष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए काम कर रही है, उसे एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए।''

### प्रधानमंत्री मोदी पर एससीबीए के पूर्व अध्यक्ष आदिश अग्रवाल ने लिखी पुस्तक

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ अधिवक्ता और 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन'(एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष आदिश सी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक पुस्तक लिखी है। एक विज्ञप्ति जारी करके रविवार को यह जानकारी दी गई। ''मोदी'ज नीति शास्त्र: द वर्ल्ड्स हिज ऑयस्टर'' नामक पुस्तक मोदी के तीन कार्यकालों के दौरान कानूनी क्रांति का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल के लगातार 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं, इस दौरान मुख्य रूप से राजनीति, अर्थशास्त्र, सामाजिक समानता, नागरिक कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन में उनके परिवर्तनकारी प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया गया है।'' इसमें कहा गया है कि एक महत्वपूर्ण क्षेत्र जिस पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया गया है, वह है उनके नेतृत्व में भारत के कानूनी परिदृश्य का उल्लेखनीय विकास।

### ओडिशा सरकार जगन्नाथ मंदिर के निकट मांसाहारी भोजन और शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाएगी: हरिचंदन

भुवनेश्वर : ओडिशा सरकार पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के दो किलोमीटर के दायरे में मांसाहारी भोजन और शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाएगी। राज्य क कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह निर्णय पुरी शहर की पवित्रता को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार की व्यापक पहल के तहत लिया गया है। हरिचंदन आबकारी मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा, ''जगन्नाथ मंदिर के दो किलोमीटर के दायरे में मांस और शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाएगा। इस प्रतिबंध के दायरे में 'बार' भी आएंगे।''

## जवाब मांगने के लिए ईसी को औपचारिक पत्र लिखें राहुल गांधी: निर्वाचन आयोग के सूत्र

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे। सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दो समाचार पत्रों में लेख लिखकर आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव ''लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट'' था। उन्होंने कहा था कि यह ''मैच फिक्सिंग'' अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर उन जगहों पर भी ऐसा ही किया जाएगा, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हार रही होगी।

## पद्मनाभस्वामी मंदिर में 270 वर्षों के बाद दुर्लभ 'महाकुंभाभिषेकम' का आयोजन

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में 270 वर्षों के बाद रविवार को दुर्लभ 'महाकुंभाभिषेकम' का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह भव्य अनुष्ठान इस प्राचीन मंदिर में लंबे समय से लंबित नवीनीकरण कार्य के हाल ही में पूरा होने के बाद हुआ। मंदिर सूत्रों ने बताया कि सुबह में 'तजिकाकुडम्स' (गर्भगृह के ऊपर तीन शिखर) का समर्पण, विश्वक्सेन विग्रह की पुनः स्थापना, तथा तिरुवम्बडी श्री कृष्ण मंदिर (मुख्य मंदिर परिसर में स्थित) में 'अष्टबंध कलशम' स्थापना से जुड़े अनुष्ठान



किये गए। उन्होंने बताया, ''रविवार को सुबह 7.40 से 8.40 बजे के बीच शुभ मुहूर्त में पुजारियों द्वारा अनुष्ठान संपन्न कराया गया।'' सूत्रों के मुताबिक त्रावणकोर राजपरिवार के वर्तमान प्रमुख मूलम थिरुनल राम वर्मा द्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद अनुष्ठान शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि वर्मा और राजपरिवार के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में, तंत्री (मुख्य पुजारी) ने सबसे पहले तिरुवम्बडी मंदिर में 'अष्टबंध कलशम' का अनुष्ठान किया। मंदिर सूत्रों के मुताबिक बाद में सुबह आठ बजे विश्वक्सेना (भगवान विष्णु के एक स्वरूप)के विग्रह की पुनः स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि विश्वक्सेन के विग्रह का जीर्णोद्धार कर पुनः स्थापित किया गया है। यह प्रतिमा लगभग 300 वर्ष पुरानी है और इसका निर्माण 'कटु सरकार योगम' पद्धति से किया गया था, जो मूर्तियों के निर्माण के लिए सामग्री के एक अद्वितीय संयोजन से बनी पारंपरिक पद्धति है।

## केरल के राज्यपाल ने 'भारत माता' मुद्दे को लेकर भाकपा पर तंज कसा

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) में शामिल दूसरी सबसे बड़े दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की आलोचना की जिसने पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजभवन में 'भारत माता' की तस्वीर के इस्तेमाल के विरोध में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। आर्लेकर ने सीपीआई के अभियान का स्पष्ट संदर्भ देते हुए बिना उसका नाम लिए कहा, ''जिन्होंने कभी 'भारत माता' के बारे में नहीं सोचा, वे 'भारत माता की जय' कह रहे हैं। यह एक अच्छा योगदान है। मैं इसकी सराहना करता हूं।'' राज्यपाल ने कहा कि 'भारत माता' बहस का मुद्दा नहीं हो सकतीं। उन्होंने कहा, ''यह चर्चा का मुद्दा नहीं हो सकता। यह कैसे हो सकता है? 'भारत माता' हर चीज से ऊपर और हर चीज से परे हैं।'' आर्लेकर ने आगे कहा कि भले ही सभी लोगों के लिए अलग-अलग विचार और विचारधारा हो, लेकिन ''हम सब भाई-बहन हैं, यह खास बात हमारे दिमाग में होनी चाहिए।'' दूसरी ओर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव एम वी गोविंदन ने कहा कि 'भारत माता' की कोई अवधारणा नहीं है, क्योंकि यह संविधान में नहीं है। इस बीच भाकपा ने कहा कि वह फिलहाल इस मुद्दे पर अपने सहयोगी माकपा के साथ कोई चर्चा नहीं करने जा रही है। भाकपा के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने कहा, ''हमें नहीं लगता कि अभी इस पर चर्चा का समय है।''

## दिल्ली: सूटकेस में मिला बच्ची का शव, परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**नयी दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। लड़की का शव शनिवार शाम को मिला। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। वहीं, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।



पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''हम मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के दल गठित किये गए हैं। हम इस मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच कर रहे हैं।'' नेहरू विहार निवासी बच्ची के परिवार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसके माता-पिता ने उसकी तलाश शुरू की।

## कांग्रेस के तीन विधायकों ने तेलंगाना सरकार में मंत्री पद की शपथ ली

**हैदराबाद :** सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायकों जी विवेक वेंकट स्वामी, ए लक्ष्मण कुमार और वी श्रीहरि ने रविवार को तेलंगाना सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल का यह पहला विस्तार है। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके मंत्रिमंडल सहयोगी, विधायक और अन्य नेता मौजूद थे। तीन नए मंत्रियों के शामिल होने से रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाले मंत्रिपरिषद के विस्तार को लेकर हफ्तों से लगाई जा रही अटकलों पर विराम लग गया। यह मंत्रिमंडल विस्तार मंत्रिमंडल में नियुक्तियों और पार्टी पदों के संबंध में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) नेतृत्व के बीच हाल में हुई चर्चा के बाद हुआ है। मुख्यमंत्री समेत तेलंगाना मंत्रिमंडल की कुल संख्या 18 है। मौजूदा मंत्रिमंडल में तीन नए विधायकों के शामिल होने के साथ ही मंत्रियों की संख्या बढ़ कर अब 15 हो गई। फिलहाल मंत्रिमंडल में तीन पद रिक्त हैं। गौड़ के सितंबर, 2024 में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष का पद संभालने के बाद से कार्यकारी अध्यक्ष समेत राज्य कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्ति लंबित है।

## एनसीबी ने एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी मामले में 9.20 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से जुड़े एक मामले में उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक 'मुख्य आरोपी' के एक फ्लैट और फैक्टरी परिसर को कुर्क किया है, जिनकी कुल कीमत 9.20 करोड़ रुपये है। यह मामला वर्ष 2024 में सामने आए एक अंतरदेशीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़ा है, जिसका संबंध मैक्सिकन मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से है। संघीय मादक पदार्थ रोधी एजेंसी ने रविवार को एक बयान में कहा कि 'स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिप-लेटर्स (फॉरफीचर ऑफ प्रॉपर्टी) एक्ट' और स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गठित सक्षम प्राधिकरण एवं प्रशासक से हाल में इस कुर्की के लिए मंजूरी ली गयी है। यह मामला अक्टूबर 2023 में नोएडा में 95 किलोग्राम से अधिक 'एम्फेटामिन' की बरामदगी और एक गुप्त मादक पदार्थ निर्माण प्रयोगशाला के भंडाफोड़ से जुड़ा है।एनसीबी ने बताया कि इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें तिहाड़ जेल का एक वार्डन, मैक्सिकन मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से जुड़ा एक विदेशी नागरिक, मुंबई का एक केमिस्ट और दिल्ली के दो कारोबारी शामिल हैं।

## उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन प्रभावित छातेन में फंसे 28 आम लोगों और 20 सैन्यकर्मियों को हवाई मार्ग से निकाला गया

**गंगटोक :** उत्तरी सिक्किम के छातेन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से सड़क संपर्क टूट जाने के कारण फंसे कम से कम 28 लोगों और 20 सैन्य कर्मियों को रविवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक हेलिकॉप्टर ने पहली बार में छातेन से 28 नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिनमें नाबालिग, टैक्सी चालक और सरकारी अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि दूसरी बार में 20 सैन्यकर्मियों को पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर उतारा गया। उन्होंने बताया कि एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने छातेन में तैनात भारतीय सेना के जवानों के लिए आवश्यक आपूर्ति भी पहुंचाई। अधिकारियों के मुताबिक, राज्य सरकार ने भूस्खलन से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाने और सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की थी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की और तीन नाबालिगों सहित 28 आम लोगों को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाल लिया गया। सेना के 20 जवान भी हेलीकॉप्टर से यहां वापस लौटे। उन्होंने बताया कि सभी लोग पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गए।

## असम में ईद के दौरान अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 लोग गिरफ्तार: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी/नगांव :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में एक दिन पहले ईद के दौरान ''अवैध रूप से'' मवेशियों के वध के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में कई स्थानों से मवेशियों के अंगों की बरामदगी की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि बराक घाटी के दो जिलों – कछार के गुमराह, सिलचर व लखीपुर और करीमगंज के बदरपुर व बंगा में पांच अवैध वध स्थल पाए गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिंदू समुदाय के लोगों ने होजाई में दिन में सड़कें अवरुद्ध की और आरोप लगाया कि शनिवार रात को



कुछ शरारती तत्वों ने मांस के टुकड़े फेंके थे जबकि मुस्लिमों ने भी सड़क जाम की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''हमारा संविधान धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है लेकिन यह कानून के शासन एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की बात भी समान रूप से करता है। इस ईद-उल-अजहा पर असम में कई स्थानों से अवैध रूप से मवेशियों के वध और उनके अंगों के मिलने की व्यथित करने वाली घटनाएं सामने आईं।'' उन्होंने कहा कि कछार से नौ और श्रीभूमि से सात लोगों समेत अब तक कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शर्मा ने कहा, ''पांच मामलों में मवेशियों के अंग पाए गए – इन स्थानों में 'कॉटन यूनिवर्सिटी' (कामरूप एम), धुबरी, होजाई और श्रीभूमि (बगरगूल) के पास के इलाके शामिल हैं।''

## देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 6,000 के पार हुई

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 48 घंटे में कोविड-19 के 769 नये मामले सामने आए, जिसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या छह हजार के पार पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मंत्रालय के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, उसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्र 'मॉक ड्रिल' आयोजित कर रहा है और सभी राज्यों को ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में कोविड-19 के उपच-ाराधीन मरीजों की संख्या 6,133 है और पिछले 24 घंटों में छह और संक्रमितों की मौतें हुई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अधिकतर मरीजों में हल्के लक्षण थे और वे घर पर ही उपचार के बाद ठीक हो गए। इस साल जनवरी के बाद से देश में कोविड-19 से 65 लोगों की मौत होने की सूचना है। 22 मई तक देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 257 थी। कोविड-19 की मौजूदा स्थिति और तैयारी के उपायों का आकलन करने के लिए आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपात प्रबंधन प्रतिक्रिया (ईएमआर) प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठकें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में दो जून और तीन जून को हुईं।

## जनता ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया, इसीलिए वह जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे: फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं, क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है। फडणवीस ने 'इंडियन एक्सप्रेस' और मराठी दैनिक 'लोकसत्ता' में प्रकाशित अपने लेखों में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में होने वाली हार के लिए बहाने तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित एक लेख और 'एक्स' पर किये गए एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि 2024 का



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव ''लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट'' था और यह ''मैच फिक्सिंग'' अब बिहार में भी दोहराई जाएगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किये गए पोस्ट में गांधी ने चुनाव में कथित अनियमितताओं के बारे में चरणबद्ध तरीके से बताया कि कैसे मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा गया, मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया, फर्जी मतदान कराया गया और बाद में सबूतों को छिपा दिया गया। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि अनुकूल परिणाम नहीं मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना पूरी तरह बेतुका है। गांधी के दावों के जवाब में फडणवीस ने अपने लेख में कहा कि कांग्रेस नेता लोकतांत्रिक प्रक्रिया और लोगों के जनादेश का लगातार ''अपमान'' कर रहे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया, ''लोगों ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया है और इसके बदले में वह लोगों और उनके जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''एक बार हार स्वीकार कर लेना अधिक विवेकपूर्ण होगा। इस बात पर आत्ममंथन करने की जरूरत है कि आप कहां गलत हैं, लोगों के साथ आपका जुड़ाव क्यों कम है और आपको इसके बारे में क्या करना चाहिए।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में मिलने वाली हार के लिए अपने बहाने तैयार कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से मिलकर बने महायुति ने 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) वाले गठबंधन महाविकास आघाडी को हराकर भारी बहुमत से जीत हासिल की थी।

## असम: बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार, तीन और लोगों की मौत से कुल मृतक संख्या बढ़ कर 26 हुई

**गुवाहाटी/रंगिया :** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को भी सुधार हुआ और प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 2.59 लाख हो गई। वहीं, तीन और लोगों की मौत होने से इस साल बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में कोई भी प्रमुख नदी खतरे के निशान से ऊपर नहीं बह रही है तथा ब्रह्मपुत्र नदी में नौका सेवाएं दिन में आंशिक रूप से बहाल हो गईं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन में कहा गया है कि 11 जिलों के 32 राजस्व क्षेत्र और 741 गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 2,59,093 है, जिसमें



बराक घाटी के तीन जिले श्रीभूमि (1,62,108), हैलाकांडी (51,663) और कछार (36,271) सर्वाधिक प्रभावित हैं। शनिवार तक 12 जिलों के करीब 3.37 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि रविवार को तीन लोगों की मौतें कामरूप जिले के नागरबेरा राजस्व क्षेत्र से हुईं, जिसके साथ ही मरने वालों की कुल संख्या बढ़ कर 26 हो गई, जिनमें से छह मौतें भूस्खलन में हुई हैं। बाढ़ के कारण विस्थापित हुए 24,000 से अधिक लोग 100 राहत शिविरों में शरण लिये हुए हैं, जबकि 30 अन्य राहत वितरण केंद्र भी संचालित हो रहे हैं। एएसडीएमए ने कहा कि 6,311 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि जलमग्न है।

# भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स के दूसरे दिन छह स्वर्ण जीतकर दबदबा बनाया



**ताइपे सिटी :** भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। संतोष टी, विशाल टीके, धर्मबीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा। विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे इस एथलीट को आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए कुछ उपयोगी रैंकिंग अंक हासिल करने में मदद मिली। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था। रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं की 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने दो मिनट 6.96 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता। कृष्ण कुमार ने पुरुषों के 800 मीटर फाइनल में एक मिनट 48.46 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल की। उनका यह प्रदर्शन नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी है। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में अन्नू रानी ने 56.82 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। भारतीय खिलाड़ी अपने इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकीं लेकिन श्रीलंका की रजत विजेता हैटराबेज लेकामलागे (56.82 मीटर) और ताइपे की पिन-हसुन चू (53.03 मीटर) को पछाड़ने में सफल रहीं।

## नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा भारत को



**एम्सटलवीन :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा। भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, ''हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई, कई हस्तियां हुई शामिल



**लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू सिंह और उत्तर प्रदेश की मछली शहर सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज की रविवार को लखनऊ में सगाई हुई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक होटल में आयोजित भव्य सगाई समारोह में क्रिकेट, राजनीति और सिनेमा जगत की कई हस्तियां शामिल हुई। क्रीम कलर की शेरवानी पहने रिंकू सिंह और हल्के गुलाबी रंग के लहंगे में सजी प्रिया कार्यक्रम में मौजूद लोगों की मुबारकबाद और अभिवादन स्वीकार करते हुए मंच पर पहुंचे और उन्होंने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई। इस दौरान प्रिया खासी भावुक नजर आईं। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर की केराकत सीट से सपा के विधायक और पूर्व सांसद तूफानी सरोज ने बताया कि इस अवसर पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव, उनकी सांसद पत्नी डिंपल यादव, पार्टी मुख्य महासचिव रामगोपाल यादव, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सपा सांसद अवधेश प्रसाद और मोहिबुल्लाह नदवी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सपा राज्यसभा सदस्य अभिनेत्री जया बच्चन और पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी प्रवीण कुमार और पीयूष चावला समेत अनेक हस्तियां मौजूद थीं। प्रिया सरोज के चाचा भगवती चंद सरोज ने बताया कि इस दौरान दोनों पक्षों के परिवारों के सदस्य, रिश्तेदार और आमंत्रित विशिष्ट लोग मौजूद थे। अयोध्या से सपा के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि उन्होंने रिंकू और प्रिया की सगाई पर उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रसाद ने कहा कि उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की जिस तरह से उनका नाम पूरे देश में अपने-अपने क्षेत्र में योगदान के लिए फैला है वह और भी व्यापक रूप से फैले। प्रवीण कुमार ने रिंकू और प्रिया को सगाई की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि इस खास कार्यक्रम में शाकाहारी व्यंजन ही परोसे गये।

## गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

**लंदन :** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की। जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है। श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

## खलील को चार विकेट, भारत ए को पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड लॉयन्स पर 21 रन की बढ़त




**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड) :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (56 रन पर दो विकेट) और तुषार देशपांडे (62 रन पर दो विकेट) ने खलील का अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट चटकाए। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। सुबह के सत्र में जोर्डन कॉक्स (45) और कप्तान जेम्स रेव (10) ने मेजबान टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। कॉक्स ने शारदुल ठाकुर पर चौका जड़ा लेकिन खलील ने दिन के पांचवें और पारी के 51वें ओवर में उन्हें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराके अर्धशतक से वंचित किया। खलील ने 55वें ओवर में कप्तान रेव को करुण नायर के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर यॉर्कर पर जॉर्ज हिल (00) को बोल्ड किया। खलील ने अगले ओवर में क्रिस वोक्स (05) को विकेट के पीछे कैच कराके इंग्लैंड लॉयन्स के मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। फरहान अहमद (24) और मैक्स होल्डन (07) ने सतर्क होकर बल्लेबाजी की और विकेटों के पतन पर विराम लगाया। देशपांडे ने इसके बाद गेंदबाजी में वापसी की और होल्डन उनकी तेजी से अंदर आती गेंद को विकेटों पर खेल गए। फरहान और जोश टंग (नाबाद 36) ने हालांकि इसके बाद लंच तक टीम को और झटके नहीं लगने दिए।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प (बेल्जियम) :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां मेजबान बेल्जियम पर 3-2 से जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारत ने गीता यादव (11वें मिनट) के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने मैरी गोएन्स (25वें मिनट) के गोल से बराबरी हासिल कर ली। जल्द ही बेल्जियम ने लुईस वैन हेके (34वें मिनट) के गोल की मदद से स्कोर 2-1 कर दिया। भारत ने इसके बाद वापसी की और सोनम (40वें मिनट) के गोल से स्कोर 2-2 कर दिया। मेहमान टीम ने लगातार हमले जारी रखे और उनकी रणनीति कारगर साबित हुई जब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुआंगी (45वें मिनट) ने इसे गोल में बदलकर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

## एमबाप्पे के दम पर जर्मनी को हराकर फ्रांस ने हासिल किया तीसरा स्थान

**म्यूनिख:** कप्तान काइलियान एमबाप्पे के शानदार खेल के दम पर फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में तीसरे स्थान के मैच में रविवार को यहां जर्मनी को हरा दिया। पुर्तगाल और स्पेन के खिताबी मुकाबले से पहले हुए इस मैच में रीयाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एमबाप्पे ने एक गोल करने के साथ दूसरे गोल में सहायक की भूमिका अदा की जिससे फ्रांस ने जर्मनी को उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से शिकस्त दी। मैच के शुरुआती हाफ में दबदबा बनाने के बावजूद जर्मनी की टीम गोल करने में विफल रही। ऑरेलियन चोउमेनी ने मध्यांतर से ठीक पहले क्लब टीम के साथी एमबाप्पे के लिए मौका बनाया जिसे इस दिग्गज खिलाड़ी ने गोल में बदल दिया। एमबाप्पे के बनाये मौके पर मैच के 84वें मिनट में स्थानापन्न माइकल ओलिसे ने गोल कर फ्रांस को दो गोल की बढ़त दिला दी। इससे पहले जर्मनी को सेमीफाइनल में बुधवार को पुर्तगाल ने 2-1 से हराया था जबकि यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने फ्रांस को 5-4 से मात दी थी।

समाज्ञा व्यापार

# अमेरिका से व्यापार वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत: कृषि मंत्री चौहान



**नयी दिल्ली :** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, हमारी प्राथमिकता अपने किसानों के हितों की रक्षा करना है। भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। हम अपने लाभ और हानि का आकलन करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। वे एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि अमेरिकी कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव के बीच भारत किसानों की सुरक्षा कैसे करेगा। वार्ताकार द्विपक्षीय सौदे के पहले चरण की व्यापक रूपरेखा के लिए खाके पर सहमत हो सकते हैं, जिस पर 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया। अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं।

## ओडिशा अब भारत का खनिज केंद्र नहीं, बल्कि विविध औद्योगिक केंद्र बन रहा: मुख्यमंत्री



**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि प्रदेश अब भारत का खनिज केंद्र नहीं रहा, बल्कि यह एक विविध औद्योगिक शक्ति बन रहा है। माझी ने अपनी सरकार की पहली वर्षगांठ से पहले लोक सेवा भवन में उद्योगपतियों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ओडिशा अब सिर्फ़ खनिज और धातु का केंद्र नहीं रह गया है। हम एक विविधतापूर्ण औद्योगिक केंद्र बन रहे हैं, जहां बंदरगाह से लेकर संयंत्र तक और शहरों से लेकर हर आकांक्षी जिले तक अवसरों का प्रवाह होता है। उन्होंने कहा कि राज्य 20 क्षेत्रों - खनन, धातुकर्म और धातु डाउनस्ट्रीम से लेकर रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान और वस्त्र में उभरते अवसरों तक में आगे बढ़ रहा है। माझी ने उद्योगों की मदद के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, एक साल पहले, ओडिशा के लोगों ने हम पर भरोसा जताया था कि हम एक ऐसा भविष्य बनाएंगे जो समावेशी, आकांक्षापूर्ण और परिवर्तनकारी होगा। आज, जब हम इस पहले वर्ष पर विचार करते हैं, तो हम अपनी प्रगति और आगे की यात्रा के लिए नई प्रतिबद्धता पर गर्व करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रही है और उद्योगपतियों से राज्य को औद्योगिक शक्ति बनाने की यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष ही 206 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई - जो पिछले पांच वर्षों के औसत से लगभग दोगुनी है। इनका कुल निवेश मूल्य 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है और इनमें लगभग 2.9 लाख रोजगार की संभावना है।

## न्यूज अपडेट

### सत पाल भानु को एलआईसी के एमडी, सीईओ का अतिरिक्त प्रभार मिला

**नयी दिल्ली :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवा विभाग की मंजूरी के बाद सत पाल भानु को बीमा कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एलआईसी ने शेयर बाजार को बताया, ''वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने सात जून, 2025 के अपने पत्र के माध्यम से सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से अवगत कराया। इसमें आठ जून, 2025 से पांच सितंबर, 2025 तक या नियमित पदाधिकारी द्वारा पद का प्रभार संभालने तक तीन महीने के लिए निगम के सीईओ और एमडी की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों और कार्यों को सौंपा गया।'' भानु एलआईसी के चार एमडी में सबसे वरिष्ठ हैं। यह पद सात जून, 2025 को एलआईसी के सीईओ और एमडी के रूप में सिद्धार्थ मोहंती का कार्यकाल पूरा होने के कारण खाली हुआ है।

### शीर्ष 10 कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में एक लाख करोड़ रुपये का उछाल

**नयी दिल्ली :** शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह कुल 1,00,850.96 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा बढ़त हासिल की। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 737.98 अंक या 0.90 फीसदी चढ़ा। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ही पिछड़ी रही। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड को लाभ हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 30,786.38 करोड़ रुपये बढ़कर 19,53,480.09 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 26,668.23 करोड़ रुपये बढ़कर 15,15,853.85 करोड़ रुपये पर रहा। बजाज फाइनेंस ने 12,322.96 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका मूल्यांकन 5,82,469.45 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 9,790.87 करोड़ रुपये बढ़कर 10,41,053.07 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में टीसीएस का मूल्यांकन 28,510.53 करोड़ रुपये घटकर 12,24,975.89 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक मूल्यवान कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

### तीन से छह माह में लगभग एक दर्जन आईपीओ पेश होने के लिए तैयार

**नयी दिल्ली :** साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद, प्राथमिक बाजार में सुधार के संकेत दिख रहे हैं और एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पेश करने की तैयारी कर ली है, जो कि द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है। मर्चेंट बैंकरों ने यह कहा है। उन्होंने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीग्रीन-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं। इसके अलावा, क्रेडिला, एसके फाइनेंस, वेरिटास फाइनेंस, पारस हेल्थकेयर, सीआईईएल एचआर सर्विसेज, एवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज, ड्रोफ-केटल केमिकल्स इंडिया, ब्रिगेड होटल वेंचर्स और श्रीजी शिपिंग भी अपने आईपीओ पेश करने की योजना बना रही हैं। इन सभी कंपनियों को पहले ही बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल चुकी है। ये कंपनियां पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं, खासकर विस्तार योजनाओं, उधारों के पुनर्भुगतान और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए धन जुटा रही हैं।

## रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर विमान उन्नयन कारोबार पर 5,000 करोड़ रुपये का दांव लगाएगी

**नयी दिल्ली :** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करके गति देने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर पारंपरिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) का प्रभुत्व है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के एक सूत्र के अनुसार, कंपनी ने अमेरिका स्थित एवियोनिक्स फर्म जेनेसिस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध के तहत 55 डोर्नियर-228 विमानों का सफलतापूर्वक उन्नयन करके पहले ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। शुरू में 37 विमानों के लिए अनुबंध दिया गया था, रिलायंस ने पहले के अनुबंध के सफल निष्पादन के बाद अतिरिक्त 18 इकाइयों के लिए दोबारा ऑर्डर हासिल किया। सूत्रों ने बताया कि डोर्नियर अपग्रेड अनुबंध का कुल मूल्य 350 करोड़ रुपये था। उन्नत डोर्नियर बेड़ा भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ परिचालन में है। सैन्य विमानों और हेलीकॉप्टरों की सेवा अवधि 30-40 वर्ष होती है, इसलिए नियमित उन्नयन, विशेष रूप से एवियोनिक्स, मिशन सिस्टम और सुरक्षा उपकरणों का महत्वपूर्ण है। उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि उन्नयन और रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) में उसके पूरे जीवन चक्र निवेश एक मंच की मूल अधिग्रहण लागत का 200-300 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। वैश्विक स्तर पर, सैन्य विमानों और हेलीकॉप्टर उन्नयन का बाजार सालाना 5,00,000 करोड़ रुपये से अधिक है, और अगले सात वर्षों में इसके 7,00,000 करोड़ रुपये तक बढ़ने का अनुमान है।

## बुनियादी ढांचे का विकास जम्मू-कश्मीर की तीव्र वृद्धि को कर रहा प्रोत्साहित : एलजी सिन्हा



**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कठुआ जिले में एक विशाल औद्योगिक इकाई की आधारशिला रखते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास क्षेत्र की तेजी से आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जल्द ही एक विनिर्माण केंद्र, उत्तर का एक प्रमुख बाजार और सेवाओं का एक प्रतिस्पर्धी प्रदाता बन जाएगा। उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर के अविकसित क्षेत्रों में औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विकेंद्रीकरण और अवसर पैदा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा, बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास जम्मू-कश्मीर की तेजी से आर्थिक वृद्धि को प्रेरित कर रहा है, जो जल्द ही उत्तर का प्रमुख बाजार, एक विनिर्माण केंद्र और सेवाओं का प्रतिस्पर्धी प्रदाता बन जाएगा। उन्होंने कठुआ के डोहलियां जट्टन गांव में धुनसेरी पॉलीफिल्म लिमिटेड औद्योगिक इकाई की आधारशिला रखी और कहा कि इस परियोजना से स्थानीय लोगों के लिए हजारों नौकरियां पैदा होंगी, घरेलू आर्थिक उत्थान को बढ़ावा मिलेगा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर व्यापार के अवसर पैदा होंगे। सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर ने औद्योगिक वृद्धि पर केंद्रित एक पूरी तरह से नई कार्य संस्कृति देखी है, जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का युवा और कुशल कार्यबल इसकी ताकत है और वे भविष्य में अर्थव्यवस्था के विकास को गति देंगे।

## अदाणी के सीमेंट कारोबार का भारत के घरों और बुनियादी ढांचे में 30 प्रतिशत का योगदान: अंबुजा सीईओ



**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स देश के घरों और बुनियादी ढांचे के लिए इस्तेमाल होने वाले सीमेंट में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है। कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अंबुजा सीमेंट्स ने मुख्य रूप से अधिग्रहणों के माध्यम से रिकॉर्ड समय में पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 10 करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता को पार कर लिया है। अब उसका लक्ष्य मुख्य रूप से अधिग्रहण करते हुए विस्तार परियोजनाओं के माध्यम से चालू वित्त वर्ष (2025-26) तक 11.8 करोड़ टन प्रतिवर्ष और वित्त वर्ष 2027-28 तक 14 करोड़ टन प्रतिवर्ष तक पहुंचना है। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद बहेटी ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, अब अदानी समूह के सीमेंट कारोबार का मुख्य हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स भारत के घरों और बुनियादी ढांचे में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है। वित्त वर्ष 2023-24 में, अंबुजा ने 10 करोड़ टन प्रति वर्ष एकीकृत सीमेंट क्षमता का मील का पत्थर पार कर लिया, और वैश्विक स्तर पर नौवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बन गई। अदाणी समूह ने सीमेंट क्षेत्र में हाल ही में प्रवेश किया है। इसने सितंबर, 2022 में स्विट्जरलैंड की कंपनी होल्सिम से 6.4 अरब डॉलर (लगभग 51,000 करोड़ रुपये) की नकद आय के लिए अंबुजा सीमेंट में नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल करने के बाद सीमेंट क्षेत्र में कदम रखा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3261 अंक 071, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in